**रोहतक**

**बुधवार 15 जुलाई 2026**

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 161
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .50

**मौसम** हरियाणा

अधि. 40.5°C
न्यून. 23.8°C

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



7 **आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग :** मानव-मानुष बने वर्ल्ड नंबर-2, शीर्ष 10 में 3 भारतीय जोड़ियां




**SHOWROOMS:** **HARYANA:** RENAULT **ROHTAK CITY** Ph: 9311700651. RENAULT **AMBALA** Ph: 8448890326. RENAULT **BHIWANI** Ph: 8588874682. RENAULT **FARIDABAD** Ph: 8860681876. RENAULT **HISAR** Ph: 7428190240. RENAULT **JHAJJAR** Ph: 8130501404. RENAULT **JIND** Ph: 9582547926. RENAULT **KAITHAL** Ph: 9582331769. RENAULT **KARNAL** Ph: 7428190245. RENAULT **KURUKSHETRA** Ph: 8588875152. RENAULT **PANIPAT** Ph: 8588891170. RENAULT **SONIPAT** Ph: 9289631444. RENAULT **REWARI** Ph: 9643335838.

# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हरियाणा बना आधुनिक रेल क्रांति का अग्रदूत



विकसित हरियाणा विकसित भारत

नायब सिंह सैनी

देश की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन का संचालन हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड पर किया जाना केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह परियोजना विकसित भारत और ग्रीन इंडिया के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगी।

भारत आज विकास के ऐसे स्वर्णिम दौर से गुजर रहा है, जहां आधुनिक तकनीक, आत्मनिर्भरता, पर्यावरण संरक्षण और जनकल्याण एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश ने प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। रेलवे क्षेत्र भी इससे अछूता नहीं रहा है। आज भारतीय रेल विश्वस्तरीय तकनीक, अत्याधुनिक सुविधाओं और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है। इसी विकास यात्रा में हरियाणा को एक ऐतिहासिक उपलब्धि प्राप्त हुई है। देश की पहली हाइड्रोजन संचालित ट्रेन का संचालन हरियाणा के जींद-सोनीपत रेलखंड पर किया जाना केवल प्रदेश ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व का विषय है। यह परियोजना विकसित भारत और ग्रीन इंडिया के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगी।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदैव इस बात पर बल दिया है कि भारत का विकास आधुनिक तकनीक, नवाचार और आत्मनिर्भरता पर आधारित होना चाहिए। इसी सोच का परिणाम है कि आज भारत स्वदेशी तकनीक के बल पर नई-नई उपलब्धियां हासिल कर रहा है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भारतीय रेलवे के इतिहास में एक परिवर्तनकारी पहल है। यह परियोजना दर्शाती है कि भारत अब केवल तकनीक का उपभोक्ता नहीं, बल्कि नई तकनीकों का निर्माता और विश्व को दिशा देने वाला राष्ट्र बन रहा है। पूर्णतः स्वदेशी डिजाइन, निर्माण और रूपांतरण के साथ तैयार यह ट्रेन भारतीय इंजीनियरों की क्षमता और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प का जीवंत उदाहरण है।

यह हाइड्रोजन ट्रेन ब्रॉड गेज पर संचालित होने वाली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेनों में से एक होगी। लगभग 141 करोड़ रुपये की लागत से तैयार इस ट्रेन में दो ड्राइविंग पावर कार और आठ यात्री कोच होंगे। लगभग 2400 किलोवाट की शक्ति क्षमता के साथ यह भारतीय रेलवे की सबसे शक्तिशाली हाइड्रोजन ट्रेनों में शामिल होगी। इसका सफल ट्रायल पूरा हो चुका है तथा मुख्य रेल संरक्षा आयुक्त (सीसीआरएस) की स्वीकृति भी प्राप्त हो चुकी है। इससे स्पष्ट है कि भारत अत्याधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल रेल परिवहन की दिशा में निर्णायक कदम बढ़ा चुका है।



हरियाणा के लिए यह उपलब्धि इसलिए भी विशेष महत्व रखती है, क्योंकि यह परियोजना प्रदेश को आधुनिक रेलवे तकनीक का केंद्र बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। लगभग 89 किलोमीटर लंबे जींद-सोनीपत रेलखंड पर संचालित होने वाली यह ट्रेन प्रदेश की परिवहन व्यवस्था को नई पहचान देगी। इससे न केवल यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्राप्त होंगी, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को भी बढ़ावा मिलेगा। आने वाले समय में ऐसी परियोजनाएं भारत को कार्बन उत्सर्जन कम करने तथा हरित विकास के वैश्विक लक्ष्यों को प्राप्त करने में भी महत्वपूर्ण योगदान देंगी।

आज हरियाणा में जो विकास दिखाई दे रहा है, वह केंद्र सरकार और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा हरियाणा की डबल इंजन सरकार ने प्रदेश को विकास की नई गति प्रदान की है। चाहे राष्ट्रीय राजमार्गों का विस्तार हो, रेलवे अवसंरचना का आधुनिकीकरण, हवाई सेवाओं का विस्तार, औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन, स्वास्थ्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई परियोजनाएं हों या आधुनिक सार्वजनिक सुविधाओं का विकास—हर क्षेत्र में हरियाणा निरंतर आगे बढ़ रहा है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना भी इसी समन्वित विकास दृष्टि का उत्कृष्ट उदाहरण है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्पष्ट विजन रहा है कि भारत का विकास केवल बड़े शहरों तक सीमित न रहे, बल्कि देश के प्रत्येक राज्य और प्रत्येक क्षेत्र तक आधुनिक सुविधाएं पहुंचें। इसी सोच के अनुरूप हरियाणा में रेलवे, सड़क, ऊर्जा, उद्योग और डिजिटल अवसंरचना को अभूतपूर्व गति मिली है। प्रदेश में आधुनिक परियोजनाओं का तेजी से क्रियान्वयन यह दर्शाता है कि डबल इंजन सरकार जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए भविष्य की आवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है।

हाइड्रोजन ऊर्जा भविष्य की स्वच्छ ऊर्जा मानी जाती है। इसका उपयोग न केवल पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देगा, बल्कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने में भी सहायक सिद्ध होगा। भारतीय रेलवे द्वारा हाइड्रोजन तकनीक को अपनाना इस बात का प्रमाण है कि देश भविष्य की चुनौतियों के लिए आज से ही तैयारी कर रहा है। यह पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत और ग्रीन इंडिया के विजन को मजबूत आधार प्रदान करती है।

आज भारत दुनिया के सामने एक ऐसे राष्ट्र के रूप में उभर रहा है, जो परंपरा और आधुनिकता का संतुलित समन्वय करते हुए विकास की नई इबारत लिख रहा है। हरियाणा इस परिवर्तनकारी यात्रा का सक्रिय सहभागी है। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना प्रदेश के युवाओं, इंजीनियरों और उद्योग जगत के लिए भी नई संभावनाओं के द्वार खोलेगी तथा आधुनिक तकनीक के क्षेत्र में रोजगार और निवेश के नए अवसर सृजित करेगी।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रेरणादायी नेतृत्व तथा केंद्र और हरियाणा की डबल इंजन सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश इसी प्रकार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। जींद-सोनीपत हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना केवल एक रेल परियोजना नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत, हरित विकास, आधुनिक तकनीक और विकसित भारत के संकल्प का सशक्त प्रतीक है। यह आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ, सुरक्षित और आधुनिक भारत की मजबूत नींव सिद्ध होगी तथा हरियाणा को देश के अग्रणी विकासशील राज्यों की श्रेणी में और अधिक सशक्त बनाएगी। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का हरियाणा के शुरू होना भी प्रदेश के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। इससे प्रदेश के विकास को नई गति मिलेगी। जींद-सोनीपत रेलखंड पर दौड़ने वाली ट्रेन प्रदेश क लोगों को जहां बड़ी राहत देगी वहीं हरियाणा की परिवहन व्यवस्था सशक्त और मजबूत होगी और किराया भी कम लगेगा।

*(लेखक हरियाणा के मुख्यमंत्री हैं)*

## खबर संक्षेप

### बेटे के इलाज के लिए गैंगस्टर काला को पैरोल

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हत्या, अपहरण और अन्य मामलों में सजा काट रहे रंजीत उर्फ रंदीप सिंह उर्फ काला को उसके तीन वर्षीय गंभीर रूप से बीमार बेटे के इलाज के लिए आठ सप्ताह की पैरोल देने का आदेश दिया है। अदालत ने कहा कि बच्चे की गंभीर चिकित्सीय स्थिति को देखते हुए केवल तकनीकी आधार पर पैरोल से इनकार करना उचित नहीं होगा। साथ ही कोर्ट ने हरियाणा सरकार को निर्देश दिया कि संबंधित उपायुक्त के माध्यम से कैदी और उसके परिवार की आर्थिक स्थिति का आकलन कर रिपोर्ट एक सप्ताह में अदालत के समक्ष प्रस्तुत की जाए, ताकि यह पता लगाया जा सके कि बच्चे के विशेष अस्पताल में इलाज का खर्च उठाने की उनकी क्षमता है या नहीं। जस्टिस संजय वशिष्ठ ने यह आदेश अंबाला निवासी रंदीप सिंह उर्फ काला की याचिका पर सुनवाई करते हुए पारित किया। याचिकाकर्ता ने हरियाणा गुड कंडक्ट प्रिजनर्स (टेम्परेरी रिलीज) एक्ट, 2022 के तहत तीन सप्ताह की पैरोल मांगी थी। उसका कहना था कि उसका तीन वर्ष पांच माह का बेटा हिमांशु स्पाइना बिफिडा से पीड़ित है और रोहतक के सनफ्लैग ग्लोबल अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है।

### विजन 2047: मुख्यमंत्री ने उच्चतर शिक्षा विभाग व कुलगुरुओं के साथ की समीक्षा बैठक

# हर जिले में खुलेंगे मॉडल संस्कृति कॉलेज 20 करोड़ के अनुसंधान कोष को मंजूरी

27 उच्च शिक्षा संस्थानों की 90 शोध परियोजनाओं को मिलेगी वित्तीय सहायता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा की उच्च शिक्षा व्यवस्था को अनुसंधान, नवाचार और आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। उन्होंने सोमवार को सिविल सचिवालय में विजन-2047 के तहत उच्चतर शिक्षा विभाग और विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए 20 करोड़ रुपये के हरियाणा राज्य अनुसंधान कोष को मंजूरी दी।

इसके तहत प्रदेश के 27 उच्च शिक्षा संस्थानों की 90 अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक जिले में मॉडल संस्कृति कॉलेज खोले जाएंगे और आधुनिक तकनीकों की पढ़ाई के लिए स्वायत्त एआई डिजिटल कॉलेज स्थापित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य उच्च शिक्षा संस्थानों को केवल पढ़ाई तक सीमित न रखकर उन्हें राज्य की वास्तविक समस्याओं के समाधान का केंद्र बनाना है। अनुसंधान परियोजनाएं कृषि, भूजल संरक्षण, जल प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य सेवाएं, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ग्रामीण विकास, औद्योगिक नवाचार और समावेशी शिक्षा जैसे विषयों पर केंद्रित होंगी। उन्होंने कहा कि अनुसंधान का लाभ सीधे किसानों, उद्योगों और आम लोगों तक पहुंचना चाहिए।



### शैक्षणिक कार्यों की लाइव निगरानी होगी : सीएम

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 'नीव' पोर्टल की भी समीक्षा की। यह पोर्टल राज्य के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसंधान, पेटेंट, स्टार्टअप, प्लेसमेंट और विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन की लाइव निगरानी करेगा। उअनुसंधान को प्रोत्साहित करने के लिए 50 हजार रुपये तक के पेटेंट पंजीकरण शुल्क की प्रतिपूर्ति की जाएगी। इसके अलावा 10 करोड़ रुपये का उच्च शिक्षा गुणवत्ता एवं अनुसंधान उत्कृष्टता कोष भी बनाया गया है।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होगा : नायब

■ क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी की ऑडिट रिपोर्ट में मिली कमियों पर कार्रवाई के निर्देश

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट कहा है कि सरकारी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में लापरवाही या मानकों की अनदेखी करने वाले अधिकारियों और एजेंसियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री मंगलवार को क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी (क्यूएए) की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में अथॉरिटी की ऑडिट रिपोर्ट मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत की गई, जिसमें विभिन्न निर्माण कार्यों में सामने आई कमियों का ब्यौरा रखा गया। मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट में चिन्हित सभी कमियों पर त्वरित और प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की ओर से वित्तपोषित केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रमों द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की भी क्वालिटी एश्योरेंस अथॉरिटी समय-समय पर जांच करेगी, ताकि सभी परियोजनाओं में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित गुणवत्ता मानकों के अनुरूप समयबद्ध होना चाहिए।

## 38 डॉक्टरों को पदोन्नति वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी बने

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

■ हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसो. की मांग पूरी

हरियाणा सरकार ने राज्य के 38 चिकित्सा अधिकारियों को पदोन्नत कर वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (एसएमओ) नियुक्त किया है। इस फैसले के साथ ही हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन की लंबे समय से लंबित प्रमुख मांग पूरी हो गई है।

पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद सरकारी डॉक्टरों में उत्साह का माहौल है और एसोसिएशन ने इसे वर्षों से चल रहे संघर्ष की महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया है। चिकित्सा अधिकारियों की पदोन्नति लंबे समय से अटकी हुई थी। इससे न केवल डॉक्टरों में असंतोष बढ़ रहा था, बल्कि वरिष्ठ स्तर के पद रिक्त रहने के कारण सरकारी अस्पतालों के प्रशासनिक संचालन और कार्यप्रणाली पर भी असर पड़ रहा था। इसी मुद्दे को लेकर हरियाणा सिविल मेडिकल सर्विसेज एसोसिएशन लगातार सरकार के समक्ष अपनी मांग उठाती रही। कई बार ज्ञापन दिए गए, धरना-प्रदर्शन हुए और विभिन्न चरणों में आंदोलन भी चलाए गए। एसोसिएशन का कहना था कि समय पर पदोन्नति न मिलने से डॉक्टरों का मनोबल प्रभावित हो रहा है और कैरियर प्रगति भी बाधित हो रही है।

## महेंद्रगढ़ के डोंगरा अहीर में खुलेगा नया राजकीय नर्सिंग कॉलेज : राव

**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया है। सरकार द्वारा महेंद्रगढ़ जिले के गांव डोंगरा अहीर में नया राजकीय नर्सिंग कॉलेज खोलने की औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है और जल्द ही इस परियोजना को धरातल पर उतारने के लिए आगामी विभागीय कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी।स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि डोंगरा अहीर और आसपास के क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा काफी समय से यहां एक नर्सिंग कॉलेज खोलने की मांग की जा रही थी। इस बेहद जरूरी और वाजिब मांग को प्राथमिकता देते हुए सरकार ने इसे तुरंत मंजूरी दी है।

## अमित शाह से मिले हरियाणा प्रभारी डॉ. पूनियां

**चंडीगढ़/नई दिल्ली।** भाजपा हरियाणा प्रभारी एवं राजस्थान भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने मंगलवार को नई दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर संगठनात्मक विषयों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस दौरान डॉ. पूनियां ने बाड़मेर-जैसलमेर की प्रसिद्ध हथकरघा बुनाई से निर्मित पट्टू ओढ़ाकर अमित शाह का स्वागत किया और उन्हें अपनी पुस्तक अग्निपथ नहीं जनपथ भेंट की। मुलाकात के बाद डॉ. पूनियां ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का स्नेह और संगठनात्मक मार्गदर्शन हमेशा नई ऊर्जा देता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित, संगठन को मजबूत बनाने और जनसेवा के प्रति अमित शाह की प्रतिबद्धता तथा उनका दूरदर्शी नेतृत्व सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने विश्वास जताया कि उनके मार्गदर्शन से संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी।



## हाईकोर्ट का 14.40 लाख की ठगी के आरोपी को अग्रिम जमानत से इनकार

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कनाडा भेजने का झांसा देकर 14.40 लाख रुपये की कथित ठगी के आरोपित साहिल शर्मा को अग्रिम जमानत देने से इनकार कर दिया।

अदालत ने कहा कि आरोपों की गंभीरता, आरोपी के आचरण और जांच की वर्तमान स्थिति को देखते हुए उसकी हिरासत में पूछताछ (कस्टोडियल इंटेरोगेशन) अत्यंत आवश्यक है। जस्टिस आलोक जैन ने कहा कि इस स्तर पर अग्रिम जमानत जैसी असाधारण राहत देने का कोई आधार नहीं बनता और याचिका खारिज कर दी। याचिकाकर्ता ने करनाल में दर्ज मामले में अग्रिम जमानत की मांग की थी। याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि यह मूल रूप से पैसों का विवाद है, जिसे आपराधिक रंग दे दिया गया है। उसने दावा किया कि वह शिकायतकर्ता की रकम लौटाना चाहता था, लेकिन कुछ देरी के कारण ऐसा नहीं हो सका।

## डेरा सच्चा सौदा समर्थकों को राहत, आगजनी मामले में बरी करने का फैसला बरकरार

**चंडीगढ़।** हाई कोर्ट ने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत सिंह को अगस्त 2017 में दोषी ठहराए जाने के बाद भड़की हिंसा के दौरान कैथल के कलायत स्थित उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम लिमिटेड (यूएचबीवीएन) कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी के मामले में चार आरोपितों को बरी किए जाने के ट्रायल कोर्ट के फैसले को बरकरार रखा है। हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार की अपील खारिज करते हुए कहा कि अभियोजन पक्ष आरोपितों की पहचान, उनकी घटनास्थल पर मौजूदगी और लगाए गए अपराधों के आवश्यक कानूनी तत्वों को साबित करने में पूरी तरह विफल रहा। जस्टिस विनोद एस भारद्वाज और जस्टिस सुखविंदर कौर की खंडपीठ ने कहा, ट्रायल कोर्ट ने आरोपितों को मामूली विसंगतियों के आधार पर बरी नहीं किया। राज्य सरकार ने 23 सितंबर 2019 को कैथल के सत्र न्यायालय द्वारा धर्मपाल, जसबीर, शिव कुमार उर्फ बब्बर और बलबीर को भारतीय दंड संहिता की धारा 124-ए (राजद्रोह), 188, 427, 436, 450, 120-बी, धारा 34 तथा सार्वजनिक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम की धाराओं 3 और 4 के तहत बरी किए जाने के आदेश को चुनौती दी थी।

### महंगी निजी बिजली आपूर्ति से मिलेगी राहत, ऊर्जा मंत्री ने दिए नीति का ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश

# हाउसिंग सोसायटियों को सीधे बिजली देने की तैयारी, प्रदेश सरकार बनाएगी नई नीति

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार प्रदेश की बहुमंजिला हाउसिंग सोसायटियों में रहने वाले लाखों परिवारों को निजी ऑपरेटरों से महंगी बिजली खरीदने की मजबूरी से राहत देने की तैयारी में है। ऊर्जा, श्रम एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने संकेत दिए हैं कि हाउसिंग सोसायटियों में बिजली निगमों के माध्यम से सीधे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए नई नीति बनाई जाएगी।

### आरडब्ल्यूए की मांग

इसके लिए ऊर्जा विभाग को नीति का प्रारूप (ड्राफ्ट) तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार, गुरुग्राम, फरीदाबाद, सोनीपत, पानीपत, करनाल सहित एनसीआर के कई जिलों की रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशनों (आरडब्ल्यूए) ने मंत्री से मुलाकात कर निजी ऑपरेटरों और बिल्डरों के माध्यम से महंगी बिजली, बिलिंग, मीटरिंग और रखरखाव शुल्क से जुड़ी समस्याएं उठाई थीं। प्रतिनिधियों ने मांग की कि बिजली आपूर्ति सीधे बिजली निगमों के माध्यम से कराई जाए ताकि उपभोक्ताओं को उचित दर पर पारदर्शी और विश्वसनीय सेवा मिल सके।

सूत्रों का कहना है कि इस दिशा में सबसे बड़ी चुनौती यह है कि अधिकांश हाउसिंग सोसायटियों का बिजली ढांचा बिल्डरों ने विकसित किया है। ऐसे में बिजली निगमों द्वारा सीधे आपूर्ति शुरू करने के लिए तकनीकी और प्रशासनिक पहलुओं पर नई नीति तैयार की जा रही है।

### पारदर्शी बिजली आपूर्ति उपलब्ध होगी



हाउसिंग सोसायटियों के बड़ी संख्या में निवासी अपनी समस्याएं लेकर हमारे पास आते हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि आरडब्ल्यूए की सभी दिक्कतों का अध्ययन कर राहत देने के लिए नई नीति का ड्राफ्ट तैयार किया जाए। सरकार का प्रयास है कि लोगों को बिजली निगमों के माध्यम से उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी बिजली आपूर्ति उपलब्ध हो। -**अनिल विज**, ऊर्जा मंत्री

### जवाबदेही जरूरी

ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने कहा कि सरकार ऐसी व्यवस्था लागू करना चाहती है जिसमें पारदर्शिता, जवाबदेही और उपभोक्ताओं के हित सर्वोपरि हों। उन्होंने अधिकारियों को आरडब्ल्यूए की समस्याओं का अध्ययन कर शीघ्र नीति का ड्राफ्ट तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नई नीति से सोसायटियों के लोगों को सीधा फायदा होगा।

### नई नीति के संभावित प्रमुख बिंदु ये होंगे

- हाउसिंग सोसायटियों के लिए एक समान और पारदर्शी बिजली आपूर्ति व्यवस्था
- बिलिंग और मीटरिंग प्रणाली को स्पष्ट एवं जवाबदेह बनाना
- उपभोक्ताओं के अधिकारों की सुरक्षा के लिए स्पष्ट प्रावधान बिजली आपूर्ति और रखरखाव से जुड़े विवादों के त्वरित समाधान की व्यवस्था
- आरडब्ल्यूए, बिल्डरों और बिजली निगमों की जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से तय करना

### लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा

यदि नई नीति लागू होती है तो राज्य की हजारों हाउसिंग सोसायटियों में रहने वाले लाखों परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। विशेष रूप से गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरों में बिजली आपूर्ति व्यवस्था अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और विवाद-मुक्त हो सकेगी।

## राहुल से मिले संजय, कांग्रेस संगठन में बदलाव की तैयारी

**चंडीगढ़।** हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी संजय दत्त ने मंगलवार को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात कर प्रदेश के राजनीतिक हालात और संगठनात्मक गतिविधियों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में हरियाणा कांग्रेस को अधिक मजबूत और सक्रिय बनाने, कार्यकर्ताओं से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा जनहित के मुद्दों को प्रभावी ढंग से जनता के बीच उठाने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। मुलाकात के बाद संजय दत्त ने बताया कि राहुल गांधी ने हरियाणा की राजनीतिक परिस्थितियों और संगठन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का लक्ष्य मजबूत, सक्रिय और जनसरोकारों से जुड़ा संगठन तैयार करना है। इसके लिए प्रदेशभर में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के साथ लगातार संवाद तथा संगठन विस्तार का अभियान जारी रहेगा। जय दत्त ने कहा कि हाल ही में उन्होंने चंडीगढ़ स्थित हरियाणा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कई दिनों तक पदाधिकारियों, जिला अध्यक्षों, विभिन्न प्रकोष्ठों, फ्रंटल संगठनों के प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें की थीं। इनमें बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने व अन्य रणनीति शामिल है।



■ प्रदेश प्रभारी ने राहुल गांधी को संगठन का फीडबैक दिया

## टांगरी नदी में अवैध निर्माण पर होगी सख्ती

**चंडीगढ़।** हरियाणा के ऊर्जा, श्रम एवं परिवहन मंत्री अनिल विज ने मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी को पत्र लिखकर अंबाला की टांगरी नदी में हो रहे अवैध निर्माण, अतिक्रमण और जमीन की खरीद-फरोख्त पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की है। विज ने कहा कि नदी क्षेत्र में रिहायशी और व्यावसायिक निर्माण से प्राकृतिक जल प्रवाह बाधित हो रहा है, जिससे भारी बारिश के दौरान अंबाला छावनी और आसपास के क्षेत्रों में बाढ़ व जलभराव का खतरा बढ़ रहा है।

उन्होंने पत्र में कहा कि कुछ लोग नदी की जमीन को निजी संपत्ति बताकर अवैध प्लॉटिंग और रजिसस्ट्रियां कर रहे हैं, जिससे लोगों की जान-माल भी जोखिम में पड़ रही है। विज ने नदी क्षेत्र का सीमांकन कर अवैध निर्माण हटाने, संदिग्ध रजिसस्ट्रियों की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के निर्देश देने का आग्रह किया है।

रोहतक

बुधवार 15 जुलाई 2026

आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष,
प्रतिपदा वर्ष : 30, अंक : 161
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00


**मौसम** हरियाणा

अधि. 40.5°C
न्यून. 23.8°C


haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




7 968 दिन का बाद बुमराह का 'कमाल कमबैक', वनडे में चटकाए 150 विकेट

### 65 एमएम बरसने थे बादल हुई 42 एमएम बारिश

## हरियाणा में अब तक 35% कम बरसात



रेवाड़ी में रेलवे रोड पर पानी में डूबी कार

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** प्रदेश में मानसूनी बारिश पर ब्रेक सा लग गया है। जुलाई के इस पखवाड़े तक सामान्य तौर पर करीब 65 एमएम बारिश होनी चाहिए थी, लेकिन इस बार राज्य में केवल 42 एमएम के आसपास बारिश दर्ज की गई है। यानी अब तक सामान्य से करीब 35% कम बारिश हुई है। यमुनानगर में सामान्य 95 मिमी के मुकाबले 110 मिमी बारिश हुई, जो करीब 15% अधिक है। वहीं, अंबाला में 105 मिमी और पंचकूला में 98 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो इन जिलों के सामान्य औसत से ज्यादा है। पश्चिमी और दक्षिणी हरियाणा में बारिश की कमी बनी हुई है। सिरसा में सामान्य 35 मिमी के मुकाबले अब तक केवल 8 मिमी बारिश हुई है, यानी करीब 77% कम। फतेहाबाद में सामान्य से 60% कम (करीब 12 मिमी) और हिसार में 55% कम (करीब 18 मिमी) बारिश दर्ज की गई है। प्रदेश में मंगलवार शाम को रेवाड़ी में मौसम का मिजाज बदल गया। यहां आंधी के साथ तेज बारिश हुई। वहीं, करनाल में बूंदाबांदी और गुरुग्राम में आंधी के साथ तेज बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई।

> यमुनानगर, अंबाला व पंचकूला में सामान्य से अधिक बारिश

### 11 वर्ष में तीसरी बार मानसून कमजोर

देश के बड़े हिस्से में जुलाई में मानसून जैसे रूठ सा गया है। साल 2015 और 2021 के बाद 11 साल में यह तीसरा मौका है। मौसम विभाग के मुताबिक 6-7 दिनों तक उत्तर-पश्चिम, मध्य और दक्षिण भारत के अधिकांश हिस्सों में बारिश के आसार कम हैं। मध्य प्रदेश में अब तक 241.8 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य बारिश 250.1 मिमी से 3% कम है। वहीं, उत्तर प्रदेश में 1 जून से 13 जुलाई के बीच 161.6 मिमी बारिश हुई, जो कि औसतन 199.7 मिमी से 19% कम है।

### एसआईआर : निर्वाचन आयोग ने समय-सीमा में किया संशोधन

# 10 दिन आगे बढ़ी तारीख, 24 तक जमा करवा सकेंगे फार्म

## बीएलओ को निर्देश, कोई भी पात्र मतदाता न छूटने पाए

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

भारत निर्वाचन आयोग ने हरियाणा में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सीमा में संशोधन किया है। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार अब बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन और गणना प्रपत्र प्राप्त करने का कार्य 24 जुलाई तक किया जाएगा। इसके साथ ही 24 जुलाई तक मतदान केंद्रों के रि-अरेंजमेंट कार्य को भी पूरा करना होगा जबकि ड्राफ्ट सूची का प्रकाशन 31 जुलाई, 2026 को होगा। संशोधित कार्यक्रम के अनुसार 31 जुलाई से 30 अगस्त, 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त की जाएंगी व इनका समाधान 28 सितंबर 2026 तक किया जाएगा। अंतिम नामावली यानी फाइनल वोटर लिस्ट 3 अक्टूबर, 2026 को प्रकाशित की जाएगी। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने बताया कि 14 जुलाई तक कुल 2,06,11,832 (99.79%) मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जिनमें से 1,70,05,842 (82.33%) प्रपत्र डिजिटाइज किए जा चुके हैं। अब तक 33,36,031 (16.15%) अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत तथा डुप्लीकेट मतदाता पाए गए हैं। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 24 जुलाई 2026 तक अपने गणना प्रपत्र बीएलओ को जमा कराएं या ऑनलाइन जमा करें। अन्यथा उनका नाम 31.07.2026 को प्रकाशित होने वाली प्रारम्भिक मतदाता सूची में शामिल नहीं होगा।

### ऐसा रहेगा कार्यक्रम

- बीएलओ अब 24 जुलाई तक घर घर जाकर सत्यापन करेंगे
- 24 जुलाई तक मतदान केंद्रों का पुनर्गठन और तर्कसंगत होगा
- 31 जुलाई को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा
- 31 जुलाई से 30 अगस्त तक दावे और आपत्तियां दाखिल हो सकेंगी
- 31 जुलाई 28 सितंबर तक सभी आपत्तियों का निस्तारण होगा
- 03 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन होगा

### 100% री-वेरिफिकेशन होगा

जो मतदाता अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत या डुप्लिकेट यानी एएसडीडी श्रेणी में चिह्नित हैं, उनका दोबारा बेहद बारीकी से सत्यापन किया जाएगा। हर बूथ लेवल ऑफिसर अपने क्षेत्र के 100% मामलों के सत्यापन का प्रमाण पत्र देगा, जिस पर सुपरवाइजर के भी हस्ताक्षर होंगे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रैंडमली इसकी क्रॉस-चेकिंग करेंगे।

### इन्यूमिरेशन फॉर्म जमा करें

अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जितने भी फॉर्म बांटे गए थे, उन्हें मतदाताओं से वापस कलेक्ट किया जाए (उन मामलों को छोड़कर जो सत्यापित तौर पर एएसडीडी श्रेणी के हैं)। बीएलओ इसके लिए घर-घर जाकर फॉलो-अप करेंगे।

### सोशल मीडिया पर चलेगा अभियान

तारीख बढ़ने की जानकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के अलावा रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, मार्केट एसोसिएशन, स्कूलों-कॉलेजों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का सहयोग लिया जाएगा।

### बीएलओ को 6000 का विशेष मानदेय



चुनाव आयोग ने एसआईआर के कार्य में जुटे बीएलओ को एकमुश्त 6000 रुपये विशेष मानदेय देने की मंजूरी दी है। यह राशि वार्षिक मानदेय के अतिरिक्त होगी। कार्यभार के अतिरिक्त बोझ को देखते हुए निर्वाचन अधिकारियों ने प्रोत्साहन राशि मंजूर की।

### 16% मतदाता मृत और डुप्लीकेट

हरियाणा में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दौरान बड़ा खुलासा हुआ है। अब तक के सत्यापन में 33,36,031 मतदाता (16.15% ) ऐसे पाए गए हैं, जो या तो मृत, स्थायी रूप से स्थानांतरित, एक से अधिक स्थानों पर पंजीकृत (डुप्लीकेट) हैं अथवा निर्धारित पते पर उपलब्ध नहीं मिले। इन प्रविष्टियों को नियमानुसार हटाने की प्रक्रिया अपनाई जाएगी, जिससे राज्य की मतदाता सूची पहले की तुलना में अधिक शुद्ध और पारदर्शी बन सके।

### शीर्ष कोर्ट का थ्री लैंग्वेज पॉलिसी पर रोक से इनकार

## कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की थ्री लैंग्वेज पॉलिसी को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। शीर्ष अदालत ने इस नीति के अमल पर फिलहाल रोक लगाने से इनकार कर दिया है। हालांकि, कोर्ट ने नई याचिकाओं पर नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई के लिए 22 जुलाई की तारीख तय की है। सुप्रीम कोर्ट की सीजेआई सूर्य कांत, जस्टिस जॉयमाल्य बागची और जस्टिस वी. मोहना की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि किसी भी भाषा को सीखना कभी नुकसानदायक नहीं होता। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना संविधान के उद्देश्यों में शामिल है।



### क्या है थ्री लैंग्वेज पॉलिसी?

सीबीएसई की थ्री लैंग्वेज पॉलिसी के तहत छात्रों को तीन भाषाएं पढ़ने का प्रावधान है। इस नीति का उद्देश्य छात्रों को एक से ज्यादा भाषाओं का ज्ञान देना और भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना बताया गया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि नई व्यवस्था के अनुसार कक्षा 9 से छात्रों को दो भारतीय भाषाएं पढ़नी पड़ सकती हैं। इससे छात्रों के लिए पहले से पढ़ी जा रही भाषाओं को जारी रखना मुश्किल हो सकता है। कोर्ट का कहना था कि भाषा सीखना हमेशा लाभदायक होता है। जस्टिस बागची ने सुनवाई के दौरान कहा कि भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना एक संवैधानिक उद्देश्य है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि नीति में इस्तेमाल किए गए कुछ शब्दों पर दोबारा विचार करने की जरूरत हो सकती है।

### थर्ड लैंग्वेज में फेल तो नहीं मिलेगा पास सर्टिफिकेट

एनईपी 2020 के तहत सीबीएसई ने एक बड़ा बदलाव किया है। अब कक्षा 9 और 10 के छात्रों के लिए थर्ड लैंग्वेज का इंटरनल असेसमेंट पास करना अनिवार्य कर दिया गया है। एकेडमिक सेशन 2027-28 से छात्रों को 10वीं का पास सर्टिफिकेट हासिल करने के लिए स्कूल स्तर पर होने वाले इस असेसमेंट को हर हाल में क्लियर करना होगा। सीबीएसई द्वारा 10 जुलाई को जारी सर्कुलर के अनुसार, जो छात्र शैक्षणिक वर्ष 2027-28 में कक्षा 10वीं में प्रवेश करेंगे, उन्हें अपनी तीसरी भाषा (जिसे आर3 कहा गया है) का स्कूल-आधारित इंटरनल असेसमेंट पास करना ही होगा। इसके बिना उन्हें सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन पास सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा।

## धार भोजशाला परिसर के पास हर शुक्रवार होगी नमाज, अलग से जगह देने के निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश सरकार को धार भोजशाला मंदिर के पास नमाज के लिए कोई खुला स्थान देने को कहा है। कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि हर शुक्रवार दोपहर 1 से 3 बजे के बीच नमाज के लिए यह जगह दी जाए। अदालत ने यह भी कहा कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) बिना कोर्ट की मंजूरी परिसर में किसी भी तरह का बदलाव न करे। सुप्रीम कोर्ट मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें परिसर को मंदिर करार दिया गया है। सुनवाई के बाद भोजशाला संयोजक गोपाल शर्मा ने कहा कि हाईकोर्ट के आदेश के अनुसार भोजशाला में नियमित पूजा-अर्चना जारी रहेगी। वहीं, तय जगह पर मुस्लिम समुदाय के लोग नमाज अदा कर सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के धार स्थित ऐतिहासिक भोजशाला परिसर को लेकर मुस्लिम पक्षों की याचिकाओं पर नोटिस जारी किया है।

### खबर संक्षेप

### जून में थोक महंगाई बढ़कर 9.81 फीसदी हुई

**नई दिल्ली।** जून में थोक महंगाई (डब्ल्यूपीआई) बढ़कर 9.87% पर पहुंच गई है। यह पिछले महीने 9.68% पर थी। जून में महंगाई 44 महीने में सबसे ज्यादा है। सितंबर 2022 में ये 10.70% पर पहुंच गई थी। महंगाई बढ़ने की वजह रोजमर्रा की जरूरत के सामान और खाने-पीने की चीजों का महंगा होना है। अमेरिका और ईरान के बीच फरवरी से चल रहा तनाव कम नहीं हुआ तो इसके दामों में और इजाफा हो सकता है। रिटेल महंगाई बढ़कर 4.38% पर पहुंच गई है। *एजेंसी*

## गुस्साया भारत, बोला-होर्मुज में जहाजों को निशाना बनाना बंद हो

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।** भारत ने होर्मुज स्ट्रेट में मंगलवार सुबह दो व्यापारिक जहाजों पर हुए हमलों पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास के उप प्रमुख (डिप्टी चीफ ऑफ मिशन) को तलब कर भारत का कड़ा विरोध दर्ज कराया। मंत्रालय ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्गों पर इस तरह के हमले तुरंत बंद होने चाहिए। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, हमले का शिकार बने दोनों जहाजों पर कुल 30 भारतीय नाविक सवार थे। इनमें एक भारतीय की मौत हो गई, जबकि 10 घायल हुए हैं। भारत ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना जताई है और घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की है।

### ईरानी राजदूत तलब

नाविक की मौत पर विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी, हमले के शिकार दो जहाजों में सवार थे 30 भारतीय

### ट्रंप ने 20% टैक्स लेने का फैसला वापस लिया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर 20 प्रतिशत टैक्स लगाने का फैसला 24 घंटे में ही वापस ले लिया। उनके इस फैसले की व्यापक आलोचना हुई थी। उन्होंने ट्रूथ पर लिखा कि मिडिल इस्ट के नेताओं से बातचीत के बाद यह निर्णय लिया गया है। अब इसकी जगह खाड़ी देश अमेरिका में बड़े पैमाने पर निवेश करेंगे। इससे अमेरिका में लाखों रोजगार पैदा होंगे। *(पेज पेज 8 पर)*

### ट्रस्ट कोषाध्यक्ष बोले आरोपी लवकुश का मकान सील होगा

## राममंदिर चढ़ावे से तीन करोड़ रुपये चोरी : स्वामी गोविंददेव

**अयोध्या।** अयोध्या राम मंदिर चढ़ावा चोरी के मामले के बीच श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष स्वामी गोविंददेव गिरि ने कहा- जहां तक मेरा अनुमान है करीब 3 करोड़ रुपये की चोरी हुई होगी। 14 करोड़ रुपये के सोने-चांदी के जेवर और नकदी चोरी होने की बात गलत है। गोविंददेव गिरि ने पुणे में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अपने इस्तीफे की खबरों को भी खारिज कर दिया। उन्होंने कहा- मैंने कोई इस्तीफा नहीं दिया है। इधर, अयोध्या विकास प्राधिकरण (एडीए) ने चढ़ावा चोरी के आरोपी लवकुश मिश्रा के निर्माणाधीन मकान पर अंतिम नोटिस चस्पा कर दिया है। एडीए ने इससे पहले 3 जुलाई को नोटिस दी थी, लेकिन लवकुश की पत्नी सुप्रिया मिश्रा ने कोई जवाब नहीं दिया।



14 करोड़ के जेवर और नकदी चोरी होने के बात गलत

### स्टैंड-अप कॉमेडियन समय रैना समेत 5 पर तीन लाख जुर्माना

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को स्टैंड-अप कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना, रणवीर अलाहाबादिया, विपुल गोयल, बलराज परमजीत सिंह घई, सोनाली ठक्कर, निशांत जगदीश तंवर पर 3 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। अदालत ने दिव्यांगों पर विवादित टिप्पणी के केस में यह आदेश दिया है। इसकी सुनवाई सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने की। बेंच ने कहा कि हमारे आदेश के बावजूद रैना ने अपने शो पर किसी दिव्यांग को नहीं बुलाया। अदालत ने कहा, हमें लगता है कि रैना ने अदालत को गुमराह किया और हमारे आदेशों का खुलेआम उल्लंघन किया।



### सुप्रीम कोर्ट से एचएसएससी को मिली बड़ी राहत

## ग्रुप-20 के तहत चयनित अभ्यर्थी सेवा में बने रहेंगे, याचिका खारिज

> हजारों अभ्यर्थियों को लाभ, दिशा-निर्देश नई भर्तियों पर लागू होंगे

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग (एचएसएससी) को ग्रुप-20 भर्ती मामले में बड़ी कानूनी राहत मिली है। सुप्रीम कोर्ट ने एसएलपी (सिविल) संख्या 17373/2026, सुभेंदर एवं अन्य बनाम हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग एवं अन्य को खारिज कर दिया है। इसके साथ ही पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट का 27 मार्च, 2026 का समीक्षा (रिव्यू) आदेश प्रभावी बना रहेगा। याचिका में हाईकोर्ट के 27 मार्च, 2026 के समीक्षा आदेश को चुनौती देते हुए उस पर रोक लगाने और उसे निरस्त करने की मांग की गई थी। सुप्रीम कोर्ट द्वारा विशेष अनुमति याचिका (एसएलपी) खारिज किए जाने के बाद हाईकोर्ट का आदेश यथावत लागू रहेगा। हाईकोर्ट ने समीक्षा आदेश में कहा था कि 24 ग्रुपों, जिनमें ग्रुप-20 भी शामिल है, की भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और चयनित अभ्यर्थी लंबे समय से सेवा दे रहे हैं। ऐसे में उनके चयन और नियुक्ति को प्रभावित नहीं किया जा सकता।

### मेरिट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा था

हाईकोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया था कि सामाजिक-आर्थिक मानदंडों के अंक का सीईटी-द्वितीय के लिए अभ्यर्थियों को बुलाने की मेरिट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा था। इसलिए भर्ती प्रक्रिया और सीईटी परिणामों को निरस्त करने संबंधी पूर्व आदेशों में त्रुटि थी। अदालत ने यह भी कहा था कि आयोग को दिए गए दिशा-निर्देश केवल भावी भर्तियों पर लागू होंगे, जबकि 24 ग्रुपों में चयनित और नियुक्त अभ्यर्थी कानून के अनुसार सेवा में बने रहेंगे।

### एचएसएससी के अध्यक्ष ने किया फैसले का स्वागत

एचएसएससी के अध्यक्ष हिम्मत सिंह ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह आदेश ग्रुप-20 के चयनित अभ्यर्थियों के लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि आयोग ने पूरे मामले में तथ्यों और लागू नियमों के आधार पर अपना पक्ष न्यायालय के समक्ष रखा। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए आशा व्यक्त की कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।




## खबर संक्षेप

### विचाराधीन कैदियों ने खाया नशीला पदार्थ पीजीआई रेफर

**रेवाड़ी।** जिला जेल प्रशासन में उस समय हड़कंप मच गया, जब नशीला पदार्थ खाने से जेल में बंद दो विचाराधीन कैदियों की हालत बिगड़ गई। दोनों को ट्रॉमा सेंटर ले जाने के बाद रोहतक पीजीआई के लिए रेफर दिया गया। दोनों के धतूरे के बीज खाने की बात कही जा रही है, लेकिन हकीकत जांच के बाद ही सामने आ सकेगी। जेल अधिकारियों ने दावा किया कि जेल में सफाई के दौरान दोनों विचाराधीन कैदियों ने धतूरे के बीज खा लिए, जिनसे उनकी हालत बिगड़ गई। एक आरोपी पोक्सो एक्ट के तहत भोंडसी जेल में बंद था, जिसे हाल ही में जिला जेल में शिफ्ट किया गया था। दूसरा आरोपी अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। दोनों के धतूरे के बीज की जगह दूसरा नशीला पदार्थ खाने की आशंका से भी इनकार नहीं किया जा रहा है।

### नशा तस्करी में संलिप्त होने पर पंच सस्पेंड

**अंबाला।** प्रशासन की ओर से नशा तस्करी के मामले में अंबाला-1 ब्लॉक की ग्राम पंचायत बालापुर के वार्ड नंबर 2 से पंच पवन कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यह आदेश उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने हरियाणा पंचायती राज अधिनियम के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जारी किए हैं। पंच पवन कुमार के खिलाफ कुरुक्षेत्र जिले के पिहोवा सदर थाना में 9 फरवरी को एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। जांच में सामने आया कि पंच पवन कुमार का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी रहा है। वह कुरुक्षेत्र के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश की अदालत द्वारा 10 सितंबर 2019 को एक मामले में दोषी करार दिया जा चुका है। पुराने आपराधिक मामले में दोष सिद्ध होने और हाल ही में दर्ज एनडीपीएस एक्ट के मामले को देखते हुए प्रशासन ने पंच के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की गई है।

### बहादुरगढ़ में सांप के डसने से बच्चे की मौत

**बहादुरगढ़।** टिकरी बार्डर स्थित कच्ची बस्ती में सर्पदंश से बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। घटना सोमवार शाम की है। जानकारी के अनुसार, बिहार मूल का मनोज कुमार यहां टिकरी बॉर्डर स्थित कच्ची बस्ती में रहता है। सोमवार की शाम को उसके छोटे बेटे करीब 4 वर्षीय अशंज कुमार को सांप ने काट लिया। इससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। गंभीर हालत में उसे बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया। यहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

## बहादुरगढ़ की ओमेक्स सिटी के बीपीएल फ्लैट में दर्दनाक घटना

# पिता और दो मासूम बेटों के शव फ्लैट में मिले, पत्नी व साथी पर हत्या का केस दर्ज

- कुछ दिनों से पत्नी नहीं रह रही थी पास, नोट में पत्नी से जान का खतरा बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। मौके पर जांच करने पहुंची पुलिस।

शहर के ओमेक्स सिटी में एक व्यक्ति और उसके 2 बेटों के शव बीपीएल फ्लैट में मिले। युवक का शव फंदे पर लटका हुआ था। प्रथमदृष्टया तो मामला दोनों बेटों को जहर देकर खुद फंदे पर लटने का लग रहा था, लेकिन वहां वॉशिंग मशीन से एक नोट बरामद हुआ। उसमें पत्नी व उसके साथी से जान का खतरा बताया गया है। नोट व परिजनों के बयान के आधार पर पत्नी व उसके साथी पर हत्या का केस दर्जकरके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

मामला ओमेक्स के बीपीएल फ्लैट्स का है। यहां फ्लैट नंबर 309 में सुनील अपनी पत्नी व 2 बेटों के साथ किराये पर रहता था। कुछ दिनों से पत्नी उसके पास नहीं रह रही थी। वह भी अपने परिजनों के पास लाइनपार में गया हुआ था। सोमवार को ही वह लौटा था और उसी रात को दिल दहलाने वाला यह घटनाक्रम हुआ। सुबह कॉल रिसीव न होने पर परिजन फ्लैट पर आए तो मामला सामने आया। बच्चे 8 वर्षीय रोहित और 5 वर्षीय मोहित बेड पर मृत थे तो सुनील फंदे पर लटका हुआ था। सूचना पाकर पुलिस मौके पर जांच करने पहुंची। एफएसएल टीम भी बुलाई गई। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मौके से बरामद नोट में सुनील ने अपनी पत्नी और एक अन्य शख्स पर आरोप लगाते हुए जिम्मेदार ठहराया है। मामले की असल स्थिति जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगी। सेक्टर 6 थाना प्रभारी सतबीर सिंह का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है। मौके पर पत्नी से भी पूछताछ की गई है।

## 10वीं के छात्र की उसके ही स्कूल के छात्रों ने हमला कर हत्या की

**करनाल (हरिभूमि न्यूज)।** जिले के उचाना गांव में मंगलवार को मंदिर से प्रसाद लेकर लौट रहे 10वीं कक्षा के छात्र की कुछ युवकों ने रास्ते में घेरकर



लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस और एफएसएल टीम मौके पर पहुंची तथा साक्ष्य जुटाकर जांच शुरू कर दी। पुलिस प्रारंभिक जांच में मामले को पुरानी रंजिश से जोड़कर देख रही है, हालांकि अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मृतक की पहचान उचाना निवासी 16 वर्षीय प्रतीक के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार प्रतीक मंगलवार को गांव स्थित हनुमान मंदिर में प्रसाद चढ़ाने गया था। लौटते समय गांव के बाहरी क्षेत्र में खेतों के पास पहले से घात लगाए बैठे तीन-चार युवकों ने उस पर हमला कर दिया। प्रत्यक्षदर्शी धर्मपाल ने बताया कि हमलावर बाइक पर आए थे और उन्होंने अपने चेहरे कपड़े से ढके हुए थे। बाइक पर पीछे बैठे युवक ने चलते वाहन से ही प्रतीक के सिर पर डंडे से वार कर दिया, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। इसके बाद आरोपियों ने उसके पूरे शरीर पर लाठियों से लगातार हमला किया और उसे अधमरी हालत में छोड़कर फरार हो गए। परिजन मौके पर पहुंचे और गंभीर रूप से घायल प्रतीक को अस्पताल ले गए, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के दादा बदले सिंह व अन्य परिजनों का कहना है कि मृतक और हमलावर एक ही निजी स्कूल में पढ़ते थे तथा कुछ दिन पहले लड़कियों से जुड़े विवाद को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई थी। हालांकि हत्या के पीछे वास्तविक कारण क्या है, इसका खुलासा जांच के बाद ही होगा।

## यमुनानगर व फतेहाबाद में भ्रष्टाचार के 2 केस

# जेई व बेलदार को 45 हजार की रिश्वत लेते किया काबू

- ठेकेदार के बिल पास करने के नाम पर मांगे थे रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर



हरियाणा राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसवी एंड एसीबी) ने सिंचाई विभाग, यमुनानगर के जूनियर इंजीनियर (जेई) सौरभ कुमार और बेलदार करमजीत को 45 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता ने एसीबी को दी शिकायत में बताया कि वह सिंचाई विभाग में ठेकेदार है। उसके सभी आवश्यक दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी होने के बावजूद विभाग में लंबित बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा था। आरोप है कि जेई सौरभ कुमार ने जानबूझकर बिल रोक रखे थे और भुगतान जारी करने के बदले रिश्वत की मांग की। जांच में सामने आया कि आरोपी जेई ने शिकायतकर्ता से फोन पर संपर्क कर अपने साथ-साथ वरिष्ठ अधिकारियों के नाम पर भी रिश्वत की मांग की। रिश्वत लेने के लिए विभाग के बेलदार करमजीत को भेजा गया। एसीबी को शिकायत के बाद तय योजना के तहत शिकायतकर्ता ने 45 हजार रुपये की रिश्वत बेलदार करमजीत को दी। करमजीत ने यह राशि जेई सौरभ कुमार को सौंप दी। इसी दौरान पहले से निगरानी कर रही एसीबी की टीम ने दोनों आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए 12 हजार लेते 3 कर्मचारी पकड़े

- टोहाना बिजली निगम के एएलएम, एक एलडीसी और एक अप्रेंटिस फंसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



टोहाना स्थित बिजली निगम कार्यालय में ट्रैप लगाकर एसीबी ने 12 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एचकेआरएन के तहत कार्यरत एएलएम, एक एलडीसी और एक अप्रेंटिस को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। तीनों पर ट्यूबवेल मीटर कनेक्शन का नाम बदलने के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है। एसीबी ने तीनों को हिरासत में लेकर केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

फतेहाबाद एसीबी प्रभारी इंस्पेक्टर मनमोहन सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में एचकेआरएन कर्मी एवं एएलएम विनोद कुमार, एलडीसी सत्यनारायण तथा अप्रेंटिस कर्ण खोबड़ा को गिरफ्तार किया गया। फतेहपुरी गांव निवासी उपभोक्ता बलजिंदर सिंह से ट्यूबवेल मीटर कनेक्शन का नाम बदलने के एवज में 12 हजार रुपये की मांग की गई थी। शिकायत के सत्यापन के बाद एसीबी ने योजनाबद्ध तरीके से ट्रैप तैयार किया।

जैसे ही अप्रेंटिस कर्ण खोबड़ा ने शिकायतकर्ता से रिश्वत की राशि ली, पहले से मौके पर तैनात एसीबी टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उसे दबोच लिया। इसके बाद टीम ने एएलएम विनोद कुमार और एलडीसी सत्यनारायण को भी हिरासत में ले लिया।

## स्कूल से आने के बाद छात्र ने लगाई फांसी, टीचर पर मारपीट करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

धवाना में 11वीं कक्षा में पढ़ने वाले एक छात्र ने मंगलवार दोपहर अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। थाना खोल



पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि स्कूल के टीचर की पिटाई से आहत होकर छात्र ने फांसी लगाई है, जबकि टीचर व स्कूल स्टाफ ने पिटाई की बात से पूरी तरह इनकार किया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। गांव निवासी 15 वर्षीय जतिन गांव के ही राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 11वीं कक्षा में पढ़ता था। मंगलवार दोपहर जब वह अपने घर आया तो काफी परेशान था। उसके भाई-बहन घर पर थे, जबकि मां कहीं बाहर गई हुई थी। परिजनों के अनुसार उसने अपने भाई-बहन को स्कूल में टीचर की मारपीट और दुर्व्यहार के बारे में बताया। इसके बाद मकान की छत पर बने कमरे में चला गया। कुछ देर बाद जब उसकी बहन छत पर बने कमरे की ओर गई तो जतिन का शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। बहन के शोर बचाने पर पड़ोसी वहां पहुंच गए। थाना खोल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया।

### कुछ माह पहले हो चुकी पिता की मौत

जतिन के पिता मनोज एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करते थे। कुछ माह पहले ही बीमार होने के बाद मनोज का निधन हो गया था। जतिन मनोज का सबसे बड़ा बेटा था। उसके परिवार में अब जतिन से छोटे दो बेटे और एक बेटी हैं। जांच अधिकारी ने गांव के सरकारी स्कूल जाकर आरोपी टीचर और स्टाफ सदस्यों से बात की। डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि टीचर से लेकर पूरे स्टाफ तक ने छात्र की पिटाई से साफ इनकार किया है। ऐसे में पुलिस पूरी तरह जांच करने के बाद ही कोई कार्रवाई करेगी।

## तलाक से पति-पत्नी का संबंध समाप्त होता है, पिता व संतान का नहीं, पहली पत्नी के बच्चे को मिलेगा हक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़



कर्मचारी की मौत के बाद अनुकंपा वित्तीय सहायता में पहली पत्नी के बेटे को भी मिलेगा हिस्सा

हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया है कि माता-पिता के तलाक के कारण किसी बच्चे का अपने पिता से कानूनी संबंध समाप्त नहीं हो जाता और न ही वह सरकारी सेवा नियमों के तहत मिलने वाली अनुकंपा वित्तीय सहायता के अधिकार से वंचित किया जा सकता है। न्यायालय ने कहा कि तलाक पति-पत्नी के वैवाहिक संबंध को समाप्त कर सकता है, लेकिन पिता और उसके बच्चे के संबंध को समाप्त नहीं करता।

जस्टिस संदीप मौदगिल ने यह फैसला सोनीपत निवासी हरियाणा सरकार के दिवंगत कर्मचारी बंसी लाल की दूसरी पत्नी की याचिका खारिज करते हुए दिया। अदालत ने उस आदेश को बरकरार रखा, जिसके तहत पहली पत्नी से जन्मे नाबालिग पुत्र को भी अनुकंपा वित्तीय सहायता में दूसरी पत्नी के बराबर हिस्सा देने का निर्णय लिया गया था। बंसी लाल की पहली शादी पूजा रानी से हुई थी, जिससे वर्ष 2010 में पुत्र का जन्म हुआ। वर्ष 2019 में दोनों का आपसी सहमति से तलाक हो गया। इसके बाद बंसी लाल ने दूसरा विवाह किया और इस विवाह से भी एक संतान हुई। बंसी लाल की जुलाई 2024 में सेवा के दौरान मृत्यु हो गई। शुरुआत में पूरी अनुकंपा वित्तीय सहायता दूसरी पत्नी को स्वीकृत कर दी गई, लेकिन बाद में पहली पत्नी के पुत्र ने अपनी मां के माध्यम से हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। अदालत के निर्देश पर सक्षम प्राधिकारी ने हरियाणा सिविल सेवा (अनुकंपा वित्तीय सहायता या नियुक्ति) नियम, 2019 के नियम 28 के तहत उसको को भी बराबर का हकदार माना। दूसरी पत्नी ने दलील दी कि तलाक के समय पहली पत्नी को 30 लाख रुपये स्थायी गुजारा भत्ता दिया जा चुका था और बच्चे की अभिरक्षा भी उसी के पास थी। हाईकोर्ट ने इन सभी दलीलों को अस्वीकार करते हुए कहा कि स्थायी गुजारा भत्ता या बच्चे के भरण-पोषण के लिए दी गई राशि भविष्य में सेवा नियमों के तहत मिलने वाले वैधानिक अधिकारों को समाप्त नहीं कर सकती।

## डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता का पार्थिव शरीर ला रहा विमान हिसार एयरपोर्ट पर हादसे का हुआ शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

महाराजा अग्रसेन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह एक बड़ा विमान हादसा होने से बाल-बाल बच गया। एस्सेल ग्रुप के चेयरमैन व पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा के पिता स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका के पार्थिव शरीर को मुंबई से लेकर आ रहा चार्टर्ड विमान लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गया। विमान में डॉ. सुभाष चंद्रा के परिवार के सदस्य भी सवार थे। राहत की बात यह रही कि पायलट समेत विमान में सवार सभी लोग पूरी तरह सुरक्षित हैं। अब डीजीसीए इस मामले की जांच करेगी। मिली जानकारी के अनुसार, विमान को एयरपोर्ट की मुख्य हवाई पट्टी पर उतरना था, लेकिन पायलट ने निर्धारित स्थान से पहले ही विमान को लैंड करा दिया। रनवे मार्गदर्शन के लिए लगी कैट लाइट से विमान का बायां पंख टकराकर क्षतिग्रस्त हो गया। महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट के निदेशक ओ.पी. सैनी ने बताया कि इसकी सूचना डीजीसीए को दे दी गई है। बता दें कि 96 वर्षीय उद्योगपति नंदकिशोर गोयनका का सोमवार को मुंबई में निधन हो गया था।

# ट्रेन से चोरी तीन करोड़ का सोना-चांदी जंगल में दबाया, 2.25 करोड़ का मिला

- विभिन्न व्यापारियों का सोना लेकर ट्रेन से जा रहा था कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

रेलवे पुलिस ने बीकानेर एक्सप्रेस में हुई करीब तीन करोड़ रुपये के सोना-चांदी की चोरी की गुत्थी सुलझाते हुए बड़ी सफलता हासिल की है। मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार कर उनकी निशानदेही पर राजस्थान के जंगलों में दबाया करीब 2.25 करोड़ रुपये का सोना-चांदी बरामद किया है। मामले में गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। 10 जून 2026 को दिल्ली सराय से बठिंडा जा रही बीकानेर एक्सप्रेस में यह वारदात हुई थी। नई दिल्ली की पार्सल फर्म पीपी-22 का कर्मचारी नरेंद्र विभिन्न व्यापारियों का करीब तीन करोड़ रुपये का सोना-चांदी लेकर यात्रा कर रहा था। इसी दौरान अज्ञात बदमाश उसका बैग चोरी कर निकल गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रेलवे डॉ. नीतिका गहलोत ने डीएसपी जीआरपी हिसार कृष्ण कुमार के नेतृत्व में विशेष जांच टीम (एसआईटी) का गठन किया। टीम ने मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने रिमांड के दौरान आरोपियों की निशानदेही पर झुंझुनूं जिले के नवलगढ़ क्षेत्र के जंगलों में छापेमारी कर करीब 2.25 करोड़ रुपये का चोरीशुदा सोना-चांदी बरामद किया।

## राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के खिलाफ गुरुग्राम में कांग्रेसियों का प्रदर्शन

# भाजपा कार्यालय के बाहर पुलिस ने कांग्रेसियों को खदेड़ा तो वहीं बैठकर किया सुंदरकांड का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम


गुरुग्राम। भाजपा कार्यालय के बाहर से कांग्रेसियों को पकड़कर ले जाती पुलिस।

अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावा चोरी के खिलाफ गुरुग्राम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। कांग्रेसी मंगलवार को भाजपा ऑफिस 'गुरुकमल' के बाहर सुंदरकांड पाठ करने पहुंचे। इस दौरान उन्हें रोकते हुए पुलिस की झड़प भी हुई। कई कांग्रेसियों को पुलिस ने पकड़कर अपनी वैन में डाला। डिटेन किए जाने के बाद कार्यकर्ताओं ने पुलिस लाइन में ही सुंदरकांड का पाठ शुरू कर दिया।

सेक्टर-40 थाना पुलिस ने सुबह ही बीजेपी ऑफिस के 300 मीटर के दायरे में बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी थी। पुलिस के समझाने पर कांग्रेस कार्यकर्ता बेरिकेड्स के पास मेन रोड पर ही बैठ गए। थोड़ी देर बाद बेरिकेड्स पार कर जाने लगे तो पुलिस ने उन्हें डिटेन कर दिया। हालांकि इस दौरान भी उनका प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शन में कांग्रेस के दोनों जिला अध्यक्ष वर्धन राव और पंकज डावर मौजूद रहे। बीजेपी जिलाध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि कांग्रेस नेता कार्यालय के बाहर की बजाय अंदर सुंदरकांड का पाठ करें। हम उनका स्वागत करेंगे और उनके साथ बैठने का काम करेंगे। इससे पहले कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष वर्धन राव ने देर रात सोशल मीडिया पर एक वीडियो संदेश जारी कर कहा था कि भगवान श्रीराम और हनुमान जी का नाम लेना और सुंदरकांड का पाठ करना देश में कोई अपराध नहीं है।

## पुलिस गाड़ी टैंकर से टकराई, 2 जवानों की मौत, एक घायल

**गुरुग्राम।** सड़क हादसे में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। दोनों ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल) पर तैनात थे। फर्रुखनगर के खेड़ा खुर्मुपुर के पास पुलिस का वाहन एक टैंकर से टकरा गया। मृतकों की पहचान हेड कॉन्स्टेबल अनिल और एसपीओ छोटेलाल के रूप में हुई है। इनका तीसरा साथी कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र गंभीर रूप से घायल है। धर्मेंद्र ही गाड़ी चला रहा था। उनका मेदांता में इलाज चल रहा है। पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने टैंकर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गुरुग्राम के खेड़ी खुर्मुपुर में ईआरवी गाड़ी सोमवार रात करीब 11 बजे हरिनगर डूमा एरिया में गश्त कर रही थी। इसी दौरान उन्हें फर्रुखनगर में कंट्रोल रूम से झगड़े की सूचना मिली। मैसेज मिलते ही हेड कॉन्स्टेबल अनिल, एसपीओ छोटेलाल और कॉन्स्टेबल धर्मेंद्र फर्रुखनगर की ओर चल दिए। खेड़ा खुर्मुपुर में सवेरा कॉलेज के पास पहुंचते ही पुलिस ईआरवी ने पीछे से पानी के टैंकर में टक्कर मार दी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि टैंकर पर कोई लाइट और रिफ्लेक्टर नहीं लगा था, जिस कारण पीछे से आ रही ईआरवी ड्राइवर को टैंकर दिखाई नहीं दिया।

यात्रीगण कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण जानकारी

ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि में विस्तार

सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि रेलवे द्वारा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की परिचालन अवधि को निम्नानुसार बढ़ाने का निर्णय लिया गया है:—

| रेलगाड़ी संख्या | स्टेशन | | आवृति/ चलने के दिन | पूर्व अधिसूचित तिथि तक | विस्तारित अवधि | | फेरे |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | से | तक | | | से | तक | |
| 05193 | छपरा | पठानकोट | साप्ताहिक (सोम) | 13.07.2026 | 20.07.2026 | 28.09.2026 | 11 |
| 05194 | पठानकोट | छपरा | साप्ताहिक (बुध) | 15.07.2026 | 22.07.2026 | 30.09.2026 | 11 |
| 09611 | अजमेर जं. | योग नगरी ऋषिकेश | साप्ताहिक (बुधवार) | 15.07.2026 | 22.07.2026 | 30.09.2026 | 11 |
| 09612 | योग नगरी ऋषिकेश | अजमेर जं. | साप्ताहिक (गुरूवार) | 16.07.2026 | 23.07.2026 | 01.10.2026 | 11 |
| 04731 | श्री गंगानगर | समस्तीपुर जं. | साप्ताहिक (रवि) | 28.06.2026 | 26.07.2026 | | 01 |
| 04732 | समस्तीपुर जं. | श्री गंगानगर | साप्ताहिक (मंगलवार) | 30.06.2026 | 28.07.2026 | | 01 |

नोटः शेष निर्देश यथावत रहेंगे।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन सं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES App देखें।

रेलमदद वेबसाइट देखें: www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. गुप्ता रामबिलास शर्मा से मिलीं

कहा- संगठन को मजबूत बनाने और हरियाणा के विकास में पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा का योगदान कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत



**चंडीगढ़।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता मंगलवार को भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा का कुशलक्षेम जानने के लिए पंचकूला स्थित उनके अमरावती निवास पहुंची। उन्होंने रामबिलास शर्मा से आत्मीय मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उनके शीघ्र पूर्ण स्वस्थ होने की ईश्वर से कामना की। डॉ. गुप्ता ने कहा कि रामबिलास शर्मा भाजपा के वरिष्ठ नेता नेताओं में शामिल हैं। संगठन को मजबूत बनाने और हरियाणा के विकास में शर्मा का योगदान कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने परिवार को भरोसा दिलाया कि भाजपा परिवार हर परिस्थिति में उनके साथ खड़ा है। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अजय मित्तल, पूर्व महापौर कुलभूषण गोयल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नवीन गर्ग भी मौजूद रहे।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में मेडिकल गैस पाइप लाइन सिस्टम (एमजीपीएस) के व्यापक रखरखाव अनुबंध (सीएमसी) हेतु ई-निविदा। | 16.07.2026 03.08.2026 | ईएमडी 70000 | https://etenders.hry.nic.in | 8295340665 director.kcghc-hry@gov.in |
| 2 | कल्पना चावला राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय करनाल | केसीजीएमसी, करनाल में औषधि और कंज्यूमेबल (डाइक्लोफेनैक जैल, टैब. एस्कॉर्बिक एसिड, टैब. अटोर्वस्टाटिन, टैब. फॉलिक एसिड इत्यादि) की आपूर्ति के लिए ई-निविदा। | 16.07.2026 23.07.2026 | ईएमडी 10000 | https://etenders.hry.nic.in | 9896154463 director.kcghc-hry@gov.in |
| 3 | नागरिक हस्पताल, पंचकूला | लॉंड्री सेवाओं की आउटसोर्सिंग। | 16.07.2026 29.07.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 4 | नागरिक हस्पताल, पंचकूला | मेडिकल गैसों (नाइट्रस ऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड और मेडिकल ऑक्सीजन गैस) की खरीद। | 16.07.2026 30.07.2026 | ईएमडी 50000 | https://etenders.hry.nic.in | 0172-2562199 gh6pkl@gmail.com |
| 5 | वन विभाग सिरसा | राज्य और कैम्पा स्कीम के तहत सिरसा, रानियां, डबवाली और कालांवाली रेंज में नया पौधारोपण और कार्यों का रखरखाव। | 14.07.2026 22.07.2026 | 1332.59 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416067122 forest_srisa@yahoo.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2027/100/47173/I/88/6 दि. 14.07.26




## 'शौर्य विजय यात्रा' रवाना: कारगिल के शहीदों को नमन



**नई दिल्ली।** कारगिल विजय दिवस 2026 के राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक से लद्दाख के द्रास स्थित कारगिल युद्ध स्मारक तक आयोजित 13 दिवसीय 'शौर्य विजय यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा में सेवारत और सेवानिवृत्त रक्षा बलों के 28 बाइक सवार अपने परिवारों के साथ 1,900 किमी की दूरी तय कर 1999 के कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों के साहस, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। यात्रा का आदर्श वाक्य 'एक सवारी, एक राष्ट्र, एक सलाम' रखा गया है। राजनाथ सिंह ने कारगिल युद्ध के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि 1999 की विजय भारत के उस अटूट संकल्प का प्रतीक है कि देश अपनी भूमि, पहचान और सम्मान पर किसी भी शत्रुतापूर्ण दुस्साहस का पूरी शक्ति से जवाब देगा।

महाराष्ट्र एटीएस की जांच में खुलासा

## पाक गैंगस्टर भट्टी के संपर्क में थे पुणे के 66 लोग!, डिजिटल साक्ष्य जुटाए

एजेंसी ▶▶| पुणे

पाकिस्तान में बैठे गैंगस्टर शहजाद भट्टी के नेटवर्क पर एटीएस ने सोमवार को पुणे जिले में बड़ा अभियान चलाया। एटीएस की टीमों ने शहजाद भट्टी के संपर्क में आए 66 लोगों से पूछताछ की। यह कार्रवाई पुणे शहर पुलिस, पुणे ग्रामीण पुलिस और पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस की मदद से जिले के विभिन्न इलाकों में एक साथ की गई।

एटीएस ने बताया कि शुरुआती जांच में इन लोगों के सोशल मीडिया के जरिए शहजाद भट्टी के संपर्क में आने के संकेत मिले हैं। पूछताछ के दौरान संबंधित लोगों के मोबाइल फोन, सोशल मीडिया खाते, चैट, कॉल रिकॉर्ड और अन्य डिजिटल साक्ष्यों की जांच की जा रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं




कि कहीं इन लोगों का इस्तेमाल कट्टरपंथी विचारधारा की ओर धकेलने, राष्ट्रविरोधी गतिविधियों के लिए उकसाने या किसी संगठित नेटवर्क से जोड़ने के लिए तो नहीं किया गया। जांच का मकसद यह भी है कि इस संपर्क का दायरा कितना बड़ा है और इसके पीछे कौन-कौन लोग सक्रिय हैं। एटीएस ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि सोशल मीडिया पर किसी भी अनजान व्यक्ति के संपर्क में आने से बचें, लालच देने वाले मैसेज पर भरोसा न करें और संदिग्ध गतिविधि की सूचना पुलिस को दें।

डिजिटल सबूत और आपत्तिजनक सामग्री बरामद

## गुजरात एटीएस ने जैश से जुड़े 8 आतंकवादी पकड़े

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अहमदाबाद सहित पूरे गुजरात में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकलने में अब केवल 2 दिन का समय शेष है। इस बड़े उत्सव से ठीक पहले गुजरात एटीएस (एटीएस) ने सुरक्षा के मद्देनजर एक बड़ी सफलता हासिल की है। एटीएस की टीम ने सिद्धपुर से 5 संदिग्धों को हिरासत में लिया है, जिनसे गहन पूछताछ की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 16 जुलाई को अहमदाबाद, भावनगर, वडोदरा, पाटन और राजकोट सहित कई शहरों में रथयात्रा निकाली जाएगी।

### टीएस ने चलाया सर्च ऑपरेशन

इस दौरान राज्य की शांति और सुरक्षा व्यवस्था को भंग करने के इरादे से कुछ संगठनों के सक्रिय होने की खुफिया जानकारी मिली थी। जांच के दौरान आतंकी संगठनों के तार सिद्धपुर तालुका से जुड़े होने के सबूत मिले, जिसके बाद एटीएस ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर सर्च ऑपरेशन चलाया और 5 संदिग्धों को पकड़ा। इन संदिग्धों का संबंध आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद या किसी अन्य संगठन से है या नहीं, इस दिशा में विस्तृत जांच की जा रही है। इसके अलावा, बनासकांठा से भी 2 अन्य व्यक्तियों को हिरासत में लिए जाने की खबर है। रथयात्रा जैसे संवेदनशील त्यौहारों को देखते हुए गुजरात पुलिस और एटीएस अलर्ट मोड पर हैं। संदिग्धों की धरपकड़ का यह सिलसिला पिछले कुछ दिनों से जारी है।

## बलूचिस्तान ने किया आजादी का ऐलान

### पाकिस्तान को करारा झटका

*कहा-85 फीसदी क्षेत्र पर हमारा कब्जा*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



बलूचिस्तान ने पाकिस्तान को करारा झटका देते हुए खुद को आजाद देश घोषित कर दिया है। सोशल मीडिया पर एक बयान शेयर किया गया है, जिसमें 'रिपब्लिक ऑफ बलूचिस्तान' के नाम से बलूचिस्तान को स्वतंत्र देश घोषित किए जाने का दावा किया गया है। वायरल लेटर में कहा गया है कि बलूचिस्तान की सेना ने क्षेत्र के 85 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा कर लिया है। इसके साथ ही देश का झंडा, राष्ट्रगान, नई करेंसी और प्रशासनिक व्यवस्था लागू करने का भी दावा किया गया है। सोशल मीडिया पर शेयर किए गए लेटर में भी कहा गया है कि नई सरकार के पास क्षेत्र का खनिज, गैस क्षेत्रों व कोयला खदानों पर पूरा नियंत्रण है। पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों से बड़ी संख्या में लोगों के इस्तीफा देकर बलूचिस्तान का साथ देने का भी जिक्र किया गया है। अभी तक इस वायरल लेटर के दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। किसी प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्था या मान्यता प्राप्त सरकार ने बलूचिस्तान को स्वतंत्र देश के रूप में मान्यता देने की घोषणा नहीं की है।

### आम लोगों पर बरसाईं गोलियां, 6 की गई जान

श्रीनगर। पाकिस्तान के अवैध कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आम लोगों पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहा है। मंगलवार को आसिम मुनीर की सेना और सुरक्षा बलों ने बिना किसी कारण के आम लोगों पर अचानक गोलीबारी शुरू कर दी, जिसमें कम से कम 6 निर्दोष नागरिकों की मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में आक्रोश फैल गया है और स्थिति बेकाबू होती जा रही है।

### भारत ने की आलोचना

वहीं, विदेश मंत्रालय ने बयान में पीओके में चल रहे प्रदर्शनों और हिंसा की निंदा करते हुए इसे पाक के 'सिस्टेमैटिक शोषण' का परिणाम बताया।

## कर्नाटक में देश की पहली सरकारी एआई यूनिवर्सिटी

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में भारत की पहली सरकारी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) यूनिवर्सिटी खुलने जा रही है। यहां आयोजित गूगल आईओ कनेक्ट इंडिया 2026 इवेंट में सीएम डीके शिवकुमार ने ऐलान किया। उन्होंने बताया कि इस पहल से कर्नाटक वैश्विक स्तर पर एआई रिसर्च और नवाचार का केंद्र बनकर उभरेगा। यह विवि कॉर्पोरेट और सरकार के बीच एक कड़ी का काम करेगी।


## महादेव सट्टा एप्लिकेशन: ईबिक्स के चेयरमैन को ईडी ने किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन सट्टा एप्लिकेशन से जुड़े करोड़ों के धनशोधन मामले में ईबिक्स समूह के चेयरमैन विकास गर्ग को मंगलवार को गिरफ्तार किया। गर्ग (53) के दिल्ली स्थित ठिकानों की तलाशी के बाद उन्हें धनशोधन निवारण अधिनियम के तहत हिरासत में लिया गया। उन्हें दिल्ली की एक विशेष अदालत के समक्ष पेश किया गया। जिसने केंद्रीय एजेंसी को उन्हें छत्तीसगढ़ के रायपुर ले जाने के लिए 24 घंटे की हिरासत दी, जहां मामले की जांच चल रही है। ईबिक्स समूह के अलावा, गर्ग शेयर बाजार में सूचीबद्ध तीन कंपनियों विकास इकोटेक लिमिटेड, विकास लाइफकेयर लिमिटेड और एराया लाइफस्पेस लिमिटेड के प्रवर्तक हैं।

## वैष्णोदेवी में 500 करोड़ की नकली चांदी का चढ़ावा, जांच अधिकारी तलब

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर से जुड़े 500 करोड़ से अधिक के नकली चांदी चढ़ावा विवाद में जम्मू की अदालत ने सख्त रुख अपनाया है। चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट मुनीश कुमार मन्हास की अदालत ने क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी को मामले के सभी रिकॉर्ड के साथ 29 जुलाई को व्यक्तिगत रूप से पेश होने का आदेश दिया है। यह निर्देश एडवोकेट दीपक शर्मा की याचिका पर आया है। जिसमें उन्होंने चढ़ावे की चांदी में मिलावट, धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, गबन और कैडमियम मिश्रित सामग्री के इस्तेमाल जैसे गंभीर आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कर विस्तृत जांच की मांग की है।






## खबर संक्षेप

### रुपया 62 पैसे टूटकर 96.30 प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने और भू-राजनीतिक अनिश्चितता बढ़ने के बीच रुपया मंगलवार को 62 पैसे टूटकर अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 96.30 (अस्थायी) पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि नए सिरे से बढ़े भू-राजनीतिक तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में तेजी और निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से अमेरिकी डॉलर की मांग बढ़ी जिससे रुपये पर दबाव बना। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.95 प्रति डॉलर पर खुला और 96.30 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### आदित्य बिड़ला समूह की इकाई स्प्रिंग एनर्जी को खरीदेगी

**नई दिल्ली।** आदित्य बिड़ला समूह की कंपनी ग्रासिम इंडस्ट्रीज की इकाई आदित्य बिड़ला रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एबीआरईएन) ने करीब 1.8 अरब डॉलर (लगभग 17,200 करोड़ रुपये) में शेल ओवरसीज इन्वेस्टमेंट बी वी से स्प्रिंग एनर्जी के अधिग्रहण पर सहमति जताई है। इस सौदे से देश के सबसे बड़े एकीकृत नवीकरणीय ऊर्जा मंचों में से एक के गठन की राह खुलेगी। आदित्य बिड़ला समूह ने सोमवार को एक बयान में कहा कि इस अधिग्रहण से एबीआरईएन की कुल नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़कर करीब 9.3 गीगावाट-पीक (जीडब्ल्यूपी) हो जाएगी।

### उच्चतम न्यायालय में कोटक एएमसी की अपील खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने बाजार नियामक सेबी द्वारा कोटक महिंद्रा एएमसी, कोटक महिंद्रा ट्रस्टी कंपनी और उनके वरिष्ठ अधिकारियों के खिलाफ की गई कार्रवाई को बरकरार रखते हुए कहा कि प्रतिभूति नियमों का पालन अनिवार्य है, चाहे निवेशकों को लाभ हुआ हो या हानि। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्त और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कोटक एएमसी, कोटक ट्रस्टी और छह अधिकारियों की अपील खारिज कर दी।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

# अमेरिका में जन्मा एआई उसी पर पड़ रहा भारी, 6 माह में छीनी साढ़े चार लाख नौकरियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अमेरिका से जन्मा एआई अब अमेरिका पर ही भारी पड़ने लगा है। इसकी वजह से लाखों लोग बेरोजगार होने लगे हैं। सामने आए डेटा के मुताबिक, अमेरिका में जनवरी से जून 2026 के बीच 4.43 लाख से ज्यादा कर्मचारियों की छंटनी की गई है। सबसे ज्यादा असर टेक सेक्टर पर पड़ा है, जहां आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अब नौकरियां जाने की सबसे बड़ी वजह बनकर सामने आया है।

अमेरिकी आउटप्लेसमेंट फर्म चैलेंजर, ग्रे एंड क्रिसमस की रिपोर्ट के मुताबिक, साल 2026 की पहली छमाही में अमेरिका की कंपनियों ने अलग-अलग सेक्टरों में 4,43,600 कर्मचारियों की छंटनी की। हालांकि, यह आंकड़ा पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 43 प्रतिशत कम है। 2025 में अमेरिकी संघीय कर्मचारियों की बड़े पैमाने पर हुई छंटनी के कारण रिकॉर्ड स्तर देखने को मिला था।

### नई भर्तियां काफी कमजोर

कंपनियों का कहना है कि जैसे पहले स्प्रेडशीट और ईमेल ने काम करने का तरीका बदला था, वैसे ही एआई आगे चलकर उत्पादकता बढ़ाएगा, लेकिन फिलहाल इसकी वजह से हजारों लोग नौकरी गंवा रहे हैं। मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने भी कर्मचारियों को भेजे संदेश में एआई को हमारे जीवन की सबसे महत्वपूर्ण तकनीक बताया था। वहीं, छंटनी के बीच नई भर्तियां अब भी कमजोर बनी हुई हैं।

## अमेरिका में जनवरी से जून के बीच 4.43 लाख से ज्यादा की छंटनी

### पिछले साल से 66 प्रतिशत ज्याद छंटनियां

रिपोर्ट के अनुसार, इस साल टेक सेक्टर सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। जनवरी से जून के बीच टेक कंपनियों ने 1,23,653 कर्मचारियों की नौकरी खत्म की, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 66 प्रतिशत अधिक है। लगातार तीन महीनों से टेक कंपनियां छंटनी की मुख्य वजह एआई को बता रही हैं। चैलेंजर, ग्रे एंड क्रिसमस के चीफ रेवेन्यू ऑफिसर एंडी चैलेंजर ने कहा कि, अब कंपनियां कर्मचारियों की छंटनी के लिए सबसे ज्यादा एआई का हवाला दे रही हैं और टेक इंडस्ट्री इसमें सबसे आगे है।



### मई 2026 रहा सबसे कठिन महीना

रिपोर्ट के मुताबिक, मई 2026 टेक कर्मचारियों के लिए सबसे कठिन महीना रहा। इस दौरान कुल 97,006 नौकरियां खत्म की गईं, जिनमें से 38,242 केवल टेक सेक्टर की थीं। इसी समय मेटा जैसी बड़ी कंपनियों ने भी एआई को अपनाने और संगठन में बदलाव का हवाला देते हुए हजारों कर्मचारियों की छंटनी की। रिपोर्ट बताती है कि, इस साल हुई कुल छंटनी में 22 प्रतिशत हिस्सेदारी एआई की रही, जिससे साफ है कि इसका सबसे ज्यादा असर व्हाइट-कॉलर नौकरियों पर पड़ रहा है।

## वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने जारी किए आंकड़े

# खाद्य वस्तुओं के दाम चढ़ने से जून में थोक महंगाई बढ़कर 9.87 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

खाद्य व गैर-खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी से जून में थोक मुद्रास्फीति बढ़कर 9.87 प्रतिशत पर पहुंच गई। मई में यह 9.68 प्रतिशत के स्तर पर थी। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) की गणना के लिए आधार वर्ष 2022-23 है। खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5.49 प्रतिशत हो गई जो मई में 3.60 प्रतिशत थी। गैर-खाद्य वस्तुओं में थोक महंगाई 11.07 प्रतिशत रही जबकि खनिज श्रेणी में यह 9.45 प्रतिशत दर्ज की गई।

- डब्ल्यूपीआई की गणना के लिए आधार वर्ष 2022-23 है

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) के आंकड़े जारी करते हुए कहा कि थोक मुद्रास्फीति के जून, 2026 के आंकड़े पर खनिज तेल (जिसमें पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं), खाद्य वस्तुएं, विनिर्मित मूल धातु तथा विनिर्मित रसायन एवं रासायनिक उत्पादों की कीमतों का असर दिखा।

**खास बातें**

- खाद्य वस्तुओं में मुद्रास्फीति जून में बढ़कर 5 .49 फीसदी थी
- गैर-खाद्य वस्तुओं में थोक महंगाई 11 .07 प्रतिशत रही



### महंगाई अपने उच्चतम स्तर के करीब

बार्कलेज ने कहा, '' हालांकि, पश्चिम एशिया में तनाव फिर बढ़ने से युद्धविराम समझौता एक बार फिर खतरे में पड़ गया है। ऐसे में हम थोक महंगाई और उत्पादक मूल्य सूचकांक (पीपीआई) के आगामी आंकड़ों पर करीबी नजर रखे हुए हैं। हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति के ये आंकड़े अब अपने उच्चतम स्तर के करीब हैं और आने वाले कुछ महीनों में इनमें नरमी आने की उम्मीद है।''

### वैश्विक स्तर पर जिंस व कच्चे तेल में कुछ नरमी रही

बार्कलेज ने बयान में कहा कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्धविराम की घोषणा के बाद जून में वैश्विक स्तर पर जिंस और कच्चे तेल की कीमतों में कुछ नरमी आई। इसका असर ईंधन एवं बिजली श्रेणी की थोक महंगाई में कमी के रूप में दिखाई दिया।

### प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में तेजी रही

इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च की निदेशक मेधा अरोड़ा ने कहा कि जून में कुल थोक मुद्रास्फीति में वृद्धि की मुख्य वजह प्राथमिक वस्तुओं की कीमतों में तेजी रही, जिसने ईंधन श्रेणी की मुद्रास्फीति में आई नरमी के असर को बेअसर कर दिया।

### थोक महंगाई के नरम पड़ने के आसार

बोफा ग्लोबल रिसर्च में भारत और आसियान आर्थिक अनुसंधान के प्रमुख राहुल बजोरिया ने कहा कि 2026 की तीसरी तिमाही में थोक मुद्रास्फीति के नरम पड़ने के आसार हैं। खुदरा या उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति भी जून में बढ़कर 17 महीने के उच्चस्तर 4.38 प्रतिशत पर पहुंच गई थी, जबकि इससे पिछले महीने यह 3.93 प्रतिशत थी।

### आरबीआई खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) मौद्रिक नीति तय करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति पर गौर करता है। सरकार ने दो प्रतिशत घट-बढ़ के साथ कुल मुद्रास्फीति को चार प्रतिशत पर बनाए रखने का दायित्व सौंपा है। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अपने अनुमान को पिछले महीने 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया था।

# कच्चे तेल में तेजी से सहमा शेयर बाजार, सेंसेक्स 561 अंक टूटा

**मुंबई (भाषा)।** कच्चे तेल के दाम में तेजी के बीच स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को गिरावट आई और दोनों मानक सूचकांक नुकसान में रहे। बीएसई सेंसेक्स 561 अंक टूट गया जबकि एनएसई निफ्टी में 159 अंक की गिरावट आई। विश्लेषकों के मुताबिक, पश्चिम एशिया में फिर से तनाव बढ़ने से कच्चे तेल के दाम में तेजी आई है और निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। साथ ही विदेशी पूंजी की निकासी और डॉलर के मुकाबले रुपये के 96 के स्तर से नीचे आने का भी बाजार पर प्रतिकूल असर पड़ा। तीन कारोबारी सत्रों की बढ़त के बाद, बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 561.46 अंक यानी 0.72 प्रतिशत टूटकर 77,054.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 614.92 अंक यानी 0.79 प्रतिशत टूटकर 77,001.48 अंक पर आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 158.95 अंक यानी 0.66 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,052.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में एचसीएल टेक में सबसे अधिक 4.42 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा बजाज फिनसर्व, इंटरग्लोब एविएशन, भारतीय स्टेट बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा और लार्सन एंड टुब्रो भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारती एयरटेल, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, सन फार्मा, टाटा स्टील,



अदाणी पोर्ट्स और इटर्नल शामिल हैं। पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने से वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 4.26 प्रतिशत बढ़कर 86.85 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और विदेशी मुद्रा की निकासी के कारण मंगलवार को रुपया 96 के स्तर से नीचे आ गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में भारी तेजी आई।

**IN THE HIGH COURT OF PUNJAB AND HARYANA AT CHANDIGARH**
**RSA No. 1235 of 1995(O&M)**
NIRMALA DEVI
Petitioner(s)
Versus
SHASHI BALA
Respondent(s)
To
**Respondent no. 3. Raj Kumar @ Raj Kanwar s/o Bhim Singh R/o,H.No.376, Indra Bhawan, Ward No.17,Gali No.3, West Ram Nagar, Sonipat, Haryana, Pin.131001.**
Whereas it is proved to the satisfaction of this court that the above named respondent cannot be served in the ordinary manner, notice is hereby issued against him to appear in this court on the 24 September 2026 personally or through some one authorized by law to act for him or an Advocate of this court to defend the above noted case failing which it will be heard and decided in his absence.
Given under my hand and the seal of this Court this 07th July, 2026
9/7/201
**Sd/-Supdt.Gr.I(Civil-11) (NOWP.R Punjab and Haryana High Court, Chandigarh**

## एंथ्रोपिक के प्लान 'क्लॉड प्रो' की कीमत 2000 रुपये प्रति माह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) कंपनी एंथ्रोपिक ने भारत में अपने एआई सहायक 'क्लॉड' के लिए रुपये में कीमतें तय करने की घोषणा की है, जिससे देश के उपयोगकर्ताओं के लिए भुगतान प्रक्रिया आसान हो जाएगी।एंथ्रोपिक के अधिक उपयोग, क्लॉड कोड और कोवर्क तक पहुंच वाले प्लान 'क्लॉड प्रो' की कीमत 2,000 रुपये प्रति माह रखी गई है, जबकि उच्च उपयोग सीमा और व्यस्त समय में प्राथमिकता पहुंच वाला 'मैक्स' प्लान 11,999 रुपये प्रति माह पर उपलब्ध है। भारतीय मुद्रा में तय यह मूल्य कंपनी की वेबसाइट और मोबाइल ऐप पर दिख रहा है और फिलहाल कार्ड भुगतान का विकल्प भी दिया गया है। मामले की जानकारी रखने वाले लोगों के मुताबिक, एंथ्रोपिक भारत में नए उपभोक्ताओं को जोड़ने के लिए क्लॉड प्रो, मैक्स और टीम प्लान की कीमतें स्थानीय मुद्रा में तय करने का परीक्षण कर रही है। यह कदम विभिन्न बाजारों में स्थानीय मूल्य निर्धारण लागू करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है। भारत क्लॉड के सबसे बड़े उपयोगकर्ता समुदायों में से एक है और कंपनी क्षेत्र में अपने उत्पादों को अधिक सुलभ बनाने के प्रयास जारी रखे हुए है।

# सोने में 700 रुपये की गिरावट और चांदी 8,900 रुपये लुढ़की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में मंगलवार को सोने की कीमत 700 रुपये गिरकर 1.46 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई, जबकि कमजोर मांग के कारण घरेलू सराफा बाजार में चांदी 8,900 रुपये प्रति किलो टूट गई। घरेलू सराफा बाजार में मांग कमजोर रहने से कीमती धातुओं पर दबाव बना रहा। अखिल भारतीय सराफा संघ ने कहा कि 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 700 रुपये कमजोर होकर 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी कर समेत) पर आ गया। यह पिछले कारोबारी सत्र में 1,47,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। सोने के मुकाबले चांदी में और भी तेज गिरावट दर्ज की गई। इसकी कीमत 8,900 रुपये लुढ़ककर 2,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) रह गई। इससे पहले सोमवार को चांदी 2,35,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में कीमतें अपेक्षाकृत मजबूत रहने के बावजूद आभूषण विक्रेताओं और औद्योगिक उपभोक्ताओं की सुस्त मांग के चलते बाजार पर दबाव बना रहा। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हाजिर सोना मामूली बढ़त के साथ 4,020.13 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी करीब एक प्रतिशत बढ़कर 58.06 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गई।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हैफेड मेगा फूड पार्क रोहतक | मेगा फूड पार्क, आईएमटी, रोहतक में विपणन, व्यापार ग्राहक विकास, वाणिज्यिक उपयोगिता, कोर प्रोसैसिंग सुविधाओं के प्रचालन व रखरखाव हेतु फर्म की नियुक्ति। | 13.07.2026 17.08.2026 | - | http://hafed.gov.in / https://etenders.hry.nic.in | 0172-2590520-26 hafed-ho@hafed.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47151/I/88/6 दि. 14.07.26

**हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एचवीपीएनएल | NIT NO.23/CWD-2/ VOL-XX/HVPN/2026-27 DATED 13.06.2026 (ONLINETENDERID NO. 2026_HBC_529005_1 | "बोली खुलने की तिथि 14.07.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 20.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |
| 2 | एचवीपीएनएल | NIT NO.19/CWD-2/ VOL-XX/HVPN/2026-27 DATED 29.05.2026 (ONLINETENDERID NO. 2026_HBC_525282_1 | "बोली खुलने की तिथि 14.07.2026 (11:00 बजे), ऑनलाइन बोली जमा की अन्तिम तिथि 20.07.2026 (13:00 बजे) तक बढ़ा दी गई है (समितियां एवं ठेकेदार)" | www.hvpn.org.in | 0172-2583789 PRO@HVPN.ORG.IN |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/60/47157/I/88/6 दि. 14.07.26

**कार्यालय नगर पंचायत मल्हार, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
फोन नं. 07752-273990 E-mall: cmomalhar@redlffmall.com

क्र./969/ ई-निविदा/न.पं./2026-27 मल्हार, दिनांक 14/07/2026

**अष्ठम ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत मल्हार में सक्षम श्रेणी के पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा (ई-टेंडर) हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के यूएसओआर दिनांक 01.06.2020, जल संसाधन विभाग के एसओआर 01.08.2022, लोक निर्माण विभाग के एसओआर (भवन व सड़क निर्माण कार्य) दिनांक 01.01.2015, तथा लोक निर्माण विभाग के एसओआर (विद्युत और यांत्रिकी) दिनांक 01.06.2020 फार्म-एच (लमसम दर) अंतर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| स. क्र. | सिस्टम टेण्डर नम्बर | कार्य का विवरण | ई-निविदा प्रारंभ की तिथि | ई-निविदा की अंतिम तिथि | निविदा दस्तावेज प्राप्त एवं परीक्षण तिथि | ई-निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 195443 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All The Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work Including 05 Years of Operation and Maintenance of The Entire System in Nagar Panchayat, MALHAR under SBM 2.0 (RS 273.56 Lac) (form-H) (Lumpsum Rate) (8TH call | 14.07.2026 17.30 बजे से | 24.07.2026 17.30 बजे | 28.07.2026 16.00 बजे | 28.07.2026 17.00 बजे |

निविदा में भाग लेने वाले ईच्छुक फर्म/ठेकेदार एवं कार्य से संबंन्धित अन्य समस्त जानकारी कार्यालयीन अवधि में लोक निर्माण शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in अथवा www.cg.uad.gov.in पर उपलब्ध है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत मल्हार


## राशिफल


**मेष** — मन प्रसन्न रहेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। माता-पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।


**वृष** — स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्याओं पर भी ध्यान दें। पिता का साथ मिलेगा। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। बौद्धिक कार्यों से आय बढ़ेगी।


**मिथुन** — मन परेशान रहेगा। संयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार में शान्ति बनाये रखने का प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।


**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। मन परेशान रहेगा। व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं।


**सिंह** — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। नौकरी में कार्यभार में वृद्धि हो सकती है।


**कन्या** — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी से मनमुटाव की स्थिति रहेगी।


**तुला** — मन प्रसन्न रहेगा। परिश्रम की अधिकता रहेगी। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।


**वृश्चिक** — आत्मसंयत रहें। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। रुके हुए धन की प्राप्ति होगी।


**धनु** — आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में आशातीत परिणाम मिलेंगे।


**मकर** — वाणी में मधुरता रहेगी, परन्तु धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।



**कुंभ** — आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। मन प्रसन्न भी रहेगा। फिर भी व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।


**मीन** — परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। खर्चों में वृद्धि होगी। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा पर जाना हो सकता है।

### बीएसएनएल का परिचालन राजस्व 10 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय दूरसंचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी बीएसएनएल ने वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में अपने परिचालन राजस्व में ''बिना ऑडिट'' के लगभग 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की है। मौजूदा वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए बीएसएनएल की समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए सिंधिया ने कहा कि बीएसएनएल के उद्यमी व्यवसाय खंड और उपभोक्ता 'मोबिलिटी' में वृद्धि देखी गई है।

## शब्द पहेली - 6287




**बाएँ से दाएँ**
1.होठ,अधर-2
3.बड़ी सवारी गाड़ी-2
5.डोर-2
7.हरे रंग का-2
9.शक,संदेह-3
11.विस्फोटक -2
13.बड़ी नाली-2
15.नमस्कार,नमस्ते-3
17.प्राण-2
19.लक्ष्मी,कमला-2
22.बल,दम-3
24.ठाठ-बाट-2
26.पिता-2
28.कसर-2
30.कुमारी,तरुणी-3
32.जी,चित-2
34.नाखून-2
36.पढ़ने वाला-3
38.उद्देश्य-2
41.मोटा आटा-2
43.नामित-3
45.नर का विलोम-2
47.उर्वरक-2
49.भीगा हुआ-2
51.गिरवी वस्तु-3
53.मनमौजी-2
55.सम्मान-2
57.ले जाने वाला-3
60.आनंद,मजा-2
62.दोस्त,सखा-2
64.निर्माण-3
66.सदैव,हमेशा-2
67.नेत्र,नयन-2
68.आकाश,गगन-2
69.लाख,गोंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्यार (अंग्रेजी-2)
2.भगिनी,दीदी-3
4.सभी-2
6.गीत गायन-2
8.मार्ग,रास्ता-2
10.मां का दुलार-3
12.आनंद,रस-2
14.थूक,लेस-2
16.अनुकृति-3
18.सरुर,खुमार-2
20.मां,मदर-2
21.घ्राणेंद्रिय-2
23.चरण तल-3
25.भीगा हुआ-2
27.देह,काया-2
29.मछली-2
31.नृत्य करना-3
33.टौंटी,नलका-2
35.गधा,गर्दभ-2
37.कटि-3
39.माफी-2
40.दोस्त,मित्र-2
42.वायु,गैस-2
44.कॉफी-3
46.मूल्य-2
48.जोर,बल-2
50.लक्ष्मी-2
52.जलमार्ग-3
54.स्थिति-2
56.नवीन-2
58.कूड़ा-3
59.नौकर-2
61.सत्य-2
63.दौड़ना-2
65.गर्भनाड़ी-2

### शब्द पहेली- 6286 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ल | ज्ज | त | दा | र | | क | र | त | ब |
| म | त | | क | | ज | टि | ल | | वा | र |
| न | | क | रा | मा | त | | म | य | | ग |
| भा | गी | दा | र | | प | ल | | म | द | द |
| व | | चा | | अ | ट | ल | | | रा | |
| न | ज | र | बं | द | | का | न | भ | र | ना |
| | मी | | | र | न | र | | ड़ | | म |
| अ | न | ल | | क | र | | अ | क | ब | र |
| म | | ता | क | | क | त | र | ना | | ख |
| रु | ह | | ह | ल | वा | | दा | | आ | ना |
| द | म | दा | र | | स | न | स | ना | ना | |



## खबर संक्षेप

### शिअद को बड़ा झटका महासचिव ने छोड़ी पार्टी

**तरनतारन।** शिरोमणि अकाली दल (शिअद) को मंगलवार बड़ा झटका लगा, जब पार्टी के महासचिव इकबाल सिंह संधू ने प्रथम



सदस्यता से त्याग पत्र दे दिया। वे लंबे समय से पार्टी के साथ जुड़े हुए थे व तरनतारन हलके से टिकट के प्रबल दावेदार रहे हैं। संधू गांव मथरेवाल से संबंधित हैं। वे एसएस बोर्ड के सदस्य भी रहे हैं।

### राष्ट्रपति आज करेंगी 'सौश्रुतम ' का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू15 जुलाई को अखिल भारतीय



आयुर्वेद संस्थान में 3 दिनी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार 'सौश्रुतम 2026' का उद्घाटन करेंगी। आयुष मंत्रालय के तहत यह 15-17 जुलाई तक चलेगा, जबकि 14 जुलाई को पूर्व-कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह शल्य चिकित्सा के जनक आचार्य सुश्रुत की जयंती पर हो रहा है।

### तसलीमा 20 साल बाद आएंगी पश्चिम बंगाल

**कोलकाता।** बांग्लादेश से निर्वासित लेखिका तसलीमा नसरीन करीब 20 साल बाद कोलकाता लौट रही हैं। वे 1 अगस्त



को कोलकाता के रवींद्र सदन में कट्टरपंथ-विरोधी एक कार्यक्रम में शिरकत करेंगी। इस कार्यक्रम में कवि और लेखक शिरकत कर रहे हैं। तसलीमा ने स्वयं सोशल मीडिया पर इसकी घोषणा की है। 2007 में तसलीमा नसरीन को शहर छोड़ना पड़ा था।

### रामनगर-देहरादून रेल सेवा 18 जुलाई से

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसद अनिल बलूनी ने कहा कि उत्तराखंड में



रामनगर से देहरादून के बीच ट्रेन सेवा 18 जुलाई को शुरू होगी। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार जताया। बलूनी ने कहा कि यह देहरादून आने-जाने वाले स्थानीय लोगों की यात्रा को बहुत आसान बना देगी।

### आसाराम ने लगाई जमानत की गुहार

**नई दिल्ली।** नाबालिग से रेप के मामले में दोषी आसाराम ने सुप्रीम कोर्ट में गुहार लगाई है और मेडिकल आधार पर जमानत मांगी



है। सुप्रीम कोर्ट 17 जुलाई को इस मामले की सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने आसाराम की मेडिकल आधार पर दायर जमानत याचिका पर तत्काल सुनवाई की मांग स्वीकार करते हुए मामले को 17 जुलाई के लिए सूचीबद्ध कर दिया है। इससे पहले उन्हें इलाज के लिए मेडिकल आधार पर पहले भी जमानत मिली है।

---

*फतेहगढ़ साहिब में नकाबपोश हमलावरों ने देर रात घर में घुसकर वारदात की*

# पंजाब में बेअदबी मामले के आरोपी का सिर काटा

भाषा ▶▶ फतेहगढ़ साहिब(पंजाब)

पंजाब में 2020 के बेअदबी (धार्मिक ग्रंथ के अपमान) के एक मामले में आरोपी और हाल ही में जमानत पर रिहा हुए 45 वर्षीय व्यक्ति की धारदार हथियार से कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, मेवा सिंह की सोमवार आधी रात को मंडी गोबिंदगढ़ के निकट लाडपुर तूरां गांव स्थित उनके घर में एक अज्ञात हमलावर ने हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हमला इतना भीषण था कि आरोपी ने मेवा सिंह का सिर धड़ से अलग कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। फोरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य एकत्र किए।

**सात महीने पहले ही जमानत पर जेल से छूटा था**



वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी

कत्ल की वजह से घर के अंदर चारों तरफ खून ही खून फैला हुआ था। इसके बाद पुलिस बुलाई गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस हत्या की वजह के बारे में पता चल रही है। मरने वाले का नाम मेवा सिंह है। वह मंडी गोबिंदगढ़ के गांव लाडपुर तूरां स्थित गुरुद्वारा साहिब में 6 साल पुराने बेअदबी केस का आरोपी था। वह जमानत पर जेल से छूटकर आया था। पुलिस के मुताबिक मेवा सिंह के खिलाफ अक्टूबर 2020 में गांव तुरां स्थित गुरुद्वारा साहिब में श्री गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी करने का आरोप लगा था। इसके बाद उसके खिलाफ मंडी गोबिंदगढ़ थाने केस दर्ज कराया गया था। आरोपी मेवा सिंह को वर्ष 2020 में बेअदबी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस मृतक के परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। सभी पहलुओं की जांच की जा रही है, ताकि हमलावरों की पहचान कर जल्द से जल्द उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। यह मामला करीब छह साल पुराने बेअदबी प्रकरण से जुड़ा है, जिसका ट्रायल अभी अदालत में चल रहा है।

---

*पुलिस बोली मकान किसने गिराया, पता नहीं कोई रिपोर्ट नहीं*

# बीकानेर में गैंगस्टर गोदारा के घर पर चला बुलडोजर

एजेंसी ▶▶ बीकानेर

अमेरिका में एफबीआई की चार्जशीट में नाम आने के कुछ ही दिनों बाद राजस्थान के बीकानेर में फरार गैंगस्टर रोहित गोदारा के दो मंजिला मकान पर बुलडोजर चला दिया गया। सोमवार देर रात जेसीबी से मकान का बड़ा हिस्सा ढहा दिया गया, लेकिन इस कार्रवाई को किसने अंजाम दिया, इस पर अब भी रहस्य बना हुआ है।

पुलिस का कहना है कि उन्हें कोई शिकायत नहीं मिली है और प्रशासन ने भी इस कार्रवाई की जिम्मेदारी नहीं ली है। उधर, गोदारा के माता-पिता पहले से ही फिरौती के एक मामले में जेल में बंद हैं। बीकानेर रेंज आईजी ओमप्रकाश ने मामले पर कहा कि रोहित गोदारा कौन, मैं नहीं जानता। जेबकतरा हो तो पता नहीं। हमारे पास रिपोर्ट आएगी तो कार्रवाई करेंगे।

**देर रात कार्रवाई, लंबे समय से कोई नहीं रहता**



लूणकरणसर के कपूरीसर में रोहित गोदारा का मकान है। वहीं लूणकरणसर कस्बे से करीब 16 किलोमीटर दूर तेजाणा ढाणी में दो मंजिला मकान भी है। इसमें लंबे समय से कोई नहीं रहता। देर रात इस मकान का अधिकांश हिस्सा जेसीबी से तोड़ा गया। पीछे का हिस्सा पूरी तरह ढहा दिया गया, दीवारें तोड़ दी गईं। आगे बने मुख्य हिस्से को भी नुकसान पहुंचाया गया। दरवाजे और खिड़कियां भी तोड़ दीं। मंगलवार सुबह जानकारी मिलते ही मौके पर भीड़ जुट गई। पुलिस को भी सुबह ही मकान गिराए जाने की जानकारी मिली थी।

---

## दिल्ली में राहुल की खड़गे संग अहम बैठक, पंजाब प्रभारी को किया तलब

*चन्नी और रंधावा को भी प्रधानगी नहीं मिलेगी*

# पंजाब कांग्रेस प्रधान पद से इस्तीफा दे सकते हैं वड़िंग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पंजाब कांग्रेस में सियासी घमासान थमने का नाम नहीं ले रहा है। पंजाब में अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग कांग्रेस के प्रधान पद से इस्तीफा दे सकते हैं। दिल्ली में राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बीच हुई अहम बैठक हुई है। पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल को भी राहुल गांधी ने तलब किया है। उनकी बुधवार को राहुल गांधी के साथ बैठक हो सकती है। पंजाब कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल की रिपोर्ट में ये साफ नजर आया है कि पूर्व पंजाब के सीएम व सांसद चरणजीत चन्नी और सांसद सुखजिंदर रंधावा किसी भी कीमत में राजा वड़िंग की अगुआई में चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। रंधावा तो उन्हें इशारों में कंप्रोमाइज्ड नेता तक बता चुके हैं। कांग्रेस हाईकमान के पास रिपोर्ट पहुंची कि एक तरफ 23 जिलों के प्रधान राजा वड़िंग के हक में हैं तो दूसरी तरफ 117 में से 90 से ज्यादा चुनाव हारे या जीते नेता चन्नी के पक्ष में हैं। प्रभारी बघेल पहले ही कह चुके हैं कि हाईकमान का फैसला नहीं बदलेगा। माना जा रहा है कि हाईकमान के इशारे पर या राजा खुद भी पद छोड़ सकते हैं। इतना तय है कि हाईकमान चन्नी या रंधावा में से किसी को भी प्रधान पद की कुर्सी नहीं सौंपेगा।



**चन्नी खेमा हाईकमान से मीटिंग की जिद पर अड़ा**

*पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल ने चन्नी गुट के साथ पंजाब दौरे के आखिर में मीटिंग की। मीटिंग में चन्नी गुट के नेताओं ने स्पष्ट कर दिया था कि उन्हें राजा वड़िंग का नेतृत्व पसंद नहीं है। सुखजिंदर सिंह रंधावा ने यहां तक कह*



*दिया कि कंप्रोइज्ड नेता पार्टी को नहीं चाहिए। प्रताप बाजवा ने कहा कि हाईकमान को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। भूपेश बघेल के साथ हुई बैठक में कोई फैसला नहीं हुआ और बघेल पंजाब कांग्रेस को गुटबाजी के हाल में छोड़कर दिल्ली चले गए। चन्नी खेमा अब इस मामले को लेकर पार्टी सुप्रीमो राहुल गांधी से मिलने की जिद पर अड़ा है। फिलहाल चन्नी गुट के सभी नेता चुप है और उन्होंने पूरा फोकस राहुल गांधी के साथ होने वाली मीटिंग पर कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक चन्नी गुट के शीर्ष नेताओं ने स्पष्ट कर दिया कि राहुल गांधी की मीटिंग तो मीडिया से इस मुद्दे पर बात न की जाए।*

### राहुल का होगा अंतिम फैसला

राहुल गांधी पर अब सारी बात टिकी हुई है। वह राजा वड़िंग को कुर्सी से हटाएंगे या फिर चन्नी से पीछा छुड़ाएंगे। इससे पहले केरल में ज्यादातर विधायक केसी वेणुगोपाल को मुख्यमंत्री देखना चाहते थे लेकिन जनता की भावना वीडी सतीशन के साथ थी। तब राहुल गांधी ने ही वेणुगोपाल को समझाकर सतीशन को मुख्यमंत्री बनाया। माना जा रहा है कि राहुल गांधी जल्द ही बागी नेताओं से वन टु वन मीटिंग कर सकते हैं। इसके बाद ही वड़िंग के इस्तीफे या फिर दूसरी कार्रवाई पर कोई फैसला हो सकता है।

### चन्नी ने जालंधर में बुलाई बैठक

चरणजीत चन्नी ने बुधवार को जालंधर में यूथ कांग्रेस की मीटिंग बुला ली है। सूत्र बताते हैं कि इसमें सभी जिलों के यूथ कांग्रेस के पदाधिकारियों को बुलाया गया है। यह फैसला तब लिया गया है, जब प्रभारी भूपेश बघेल ने दावा किया था कि प्रधान राजा वड़िंग को 23 जिला प्रधानों का समर्थन है। चन्नी इसी का तोड़ निकालने में जुटे हैं।

### पंजाब में राहुल होंगे चेहरा: बघेल

कांग्रेस प्रभारी भूपेश बघेल ने पंजाब से लौटते ही बागी गुट को दोटूक जवाब दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत चन्नी को सीएम चेहरा बनाने की मांग को उन्होंने सिरे से खारिज कर दिया है। बघेल ने सोशल मीडिया (एक्स) पर स्पष्ट लिख दिया कि पंजाब में कांग्रेस पार्टी का एक ही चेहरा राहुल गांधी का है। कांग्रस के बागी गुट के लिए यह बड़ा झटका है। इससे पहले बघेल पंजाब कांग्रेस के प्रधान अमरिंदर राजा वड़िंग को बदलने की मांग को सिरे से खारिज कर चुके हैं।

---

## बबंदोपाध्याय, दस्तीदार ने लोकसभा अध्यक्ष बिरला से मुलाकात की

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

तृणमूल कांग्रेस छोड़कर 'नेशनलिस्ट सिटिजन्स पार्टी ऑफ इंडिया' (एनसीपीआई) में शामिल होने वाले लोकसभा सांसद सुदीप बंदोपाध्याय और काकोली घोष दस्तीदार ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, उन्होंने निचले सदन में पार्टी के 20 सांसदों के बैठने की व्यवस्था पर चर्चा की। सूत्रों ने बताया कि सोमवार को हुई इस बैठक में उन्होंने नए संसद भवन में पार्टी के लिए कार्यालय आवंटित

**सदन में बैठने की व्यवस्था पर चर्चा**

करने पर भी बातचीत की। यह बैठक संसद के मॉनसून सत्र से पहले और भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के सहयोगी के तौर पर एनसीपीआई को संसदीय मान्यता देने की प्रक्रिया के बीच हुई है। बंदोपाध्याय ने हाल ही में गृह मंत्री शाह से भी मुलाकात की थी। पार्टी जल्द ही एनसीपीआई को संसदीय मान्यता दिलाने के लिए अध्यक्ष के कार्यालय को औपचारिक पत्र सौंप सकती है।

---

**नवी मुंबई के ऐरोली का मामला**

## पति की हत्या कर शव के टुकड़े किए,11 माह बाद खुलासा, पत्नी व प्रेमी गिरफ्तार

भाषा ▶▶ ठाणे/मुंबई

करीब एक साल पहले 'लापता' हुए 50 वर्षीय एक व्यक्ति की तलाश के लिए शुरू हुई जांच में हत्या के एक खौफनाक मामले का खुलासा हुआ है। इस मामले में पीड़ित की पत्नी और उसके प्रेमी को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने कथित तौर पर शव के टुकड़े कर उन्हें नवी मुंबई के एक जंगल में फेंक दिया था।

पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रबाले एमआईडीसी थाना प्रभारी ने बताया कि पिछले साल अगस्त में हुई यह हत्या हाल में उस समय प्रकाश में आई, जब पीड़ित के भाई ने उसके लापता होने पर संदेह जताया। पुलिस ने महिला और उसके प्रेमी से पूछताछ की, जिन्होंने हत्या करने और शव के अंगों को जंगल में फेंकने की बात कबूल कर ली। पीड़ित बलिराम सूर्यनाथ कुशवाह नवी मुंबई के ऐरोली में पत्नी सुनीता (40) और दो बच्चों के साथ रहे थे। सुनीता का एक ऑटोरिक्शा चालक राहुल दशरथ प्रजापति (30) के साथ प्रेम प्रसंग था।

---

**महिला से छेड़छाड़ का किया था विरोध**

## नासिक में पर्यटकों पर हमला चलती कार पर पत्थर-रॉड मारे



पुलिस ने युवकों को गिरफ्तार किया

**नासिक(गुजरात)।** महाराष्ट्र के नासिक में घूमने गए पर्यटक परिवार पर मनचलों ने हमला कर दिया। आरोपियों ने परिवार की लड़की से छेड़छाड़ की थी। परिवार ने इसका विरोध किया तो 8-10 युवकों ने उन्हें घेर लिया। परिवार किसी तरह कार से वहां से भागा। इसके बाद आरोपियों ने बाइकों से कार का करीब 20 किलोमीटर तक पीछा किया और लाठी-डंडों, रॉड और बेसबॉल स्टिक से उन पर जानलेवा हमला किया और चलती कार में तोड़फोड़ की। परिवार ने किसी तरह जान बचाई। वारदात रविवार शाम की है। इस मामले में पुलिस ने लूट, हत्या के प्रयास और छेड़छाड़ का केस दर्ज कर 8 युवकों को गिरफ्तार किया है। एक की तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, नासिक में रहने वाली पूनम भागवत 12 जुलाई की शाम परिवार के साथ भावली वाटरफॉल घूमने गई थीं। इसी दौरान परिवार की लड़की के साथमनचलों ने छेड़छाड़ की। उन्होंने और उनके पति ने विरोध जताया। इसका विरोध करने के बाद वे मौके से फरार हो गए। फिर आरोपियों ने उनका पीछा करना शुरू किया।

---

**दिल्ली में मेट्रो स्टेशन के पास की घटना**

## हादसे में छात्रा की मौत, मदद की बजाय लोग बनाते रहे वीडियो

**नई दिल्ली (भाषा)।** उत्तरी दिल्ली के मजलिस पार्क मेट्रो स्टेशन के पास मंगलवार सुबह एक स्कूल बस की टक्कर से ई-रिक्शा में सवार 12-वर्षीय एक स्कूली छात्रा की मौत हो गई। इस हादसे के बाद एक स्थानीय जिम कर्मचारी ने दावा किया कि जब बच्ची खून से लथपथ हालत में सड़क पर पड़ी थी, तब लोग उसकी मदद करने के बजाय अपने मोबाइल फोन से वीडियो बनाने में व्यस्त थे। पास के ही एक जिम में काम करने वाले गोविंदा नामक युवक ने बताया कि वह काम पर जा रहे थे और हादसे के आठ से 10 मिनट के भीतर ही मौके पर पहुंच गए थे, लेकिन वहां का नजारा देखकर वह दंग रह गए। गोविंदा ने दावा किया, "जब मैं वहां पहुंचा, तो बच्ची खून से लथपथ पड़ी थी। लोग वहां खड़े थे, लेकिन कई लोग अपने फोन पर वीडियो बनाने में व्यस्त थे। मैंने तुरंत उसे गोद में उठाया और अस्पताल की ओर भागा। उसी ई-रिक्शा में यात्रा कर रहे अन्य बच्चे हाथ जोड़कर लोगों से मदद की गुहार लगा रहे थे। गोविंदा ने कहा कि बच्चे रो रहे थे और लोगों से उसे बचाने की मिन्नतें कर रहे थे, लेकिन कई लोग सिर्फ वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे। हम उसे अस्पताल ले गए, जहां उसे मृत घोषित कर दिया।

**स्कूल बस ने ई-रिक्शा को मारी थी टक्कर**

---

**गुजरात का प्रसिद्ध शक्तिपीठ**

## अंबाजी मंदिर में भी दान चोरी तीन गिरफ्तार, वीडियो वायरल



तीन कर्मियों की मिलीभगत से हुई थी चोरी

**अंबाजी(गुजरात)।** गुजरात के प्रसिद्ध शक्तिपीठ अंबाजी मंदिर के खजाने में हुई चोरी का एक सीसीटीवी फुटेज वायरल है। हालांकि, यह फुटेज दो महीने पुराना है। इसमें आउटसोर्सिंग कर्मचारी नोटों का एक बंडल अपने पैरों के नीचे छिपाते नजर आ रहा है। इस मामले में पुलिस ने आरोपी चिराग ठाकोर समेत तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया था। मंदिर ट्रस्ट इनकी सेवाएं खत्म कर चुका है। फुटेज वायरल होने पर बनासकांठा कलेक्टर मिहिर प्रवीणकुमार पटेल ने भी बताया कि यह घटना 5 मई, 2026 की है। घटना सामने आते ही मंदिर ट्रस्ट ने एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस ने जांच के बाद मंदिर के तीन कर्मचारियों को गिरफ्तार किया गया था। फिलहाल सभी आरोपी जमानत पर बाहर हैं। यह चोरी उस समय हुई थी, जब भंडारगृह में नोटों की गिनती की जा रही थी। रुपये का बंडल छुपाने के बाद चिराग ठाकोर बाथरूम जाने के बहाने निकल रहा था। इसी दौरान उसकी जेब से 1,04,000 रुपए का एक बंडल गिर गया था।

---

**चढ़ावा हेराफेरी मामला**

## बदरीनाथ मंदिर परिसर पहुंची उच्चस्तरीय तीन सदस्यीय टीम

**देहरादून।** बदरीनाथ धाम में चढ़ावा चोरी की जांच को शासन स्तर पर गठित उच्चस्तरीय जांच समिति मंगलवार को बदरीनाथ धाम पहुंचकर जांच शुरू की। समिति मंदिर परिसर, नगद चढ़ावा गणना कक्ष, अभिलेखों, सीसीटीवी व्यवस्था और चढ़ावे के प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया का स्थलीय निरीक्षण किया। शासन ने इस प्रकरण को श्रद्धालुओं की आस्था और मंदिर प्रबंधन की पारदर्शिता से जुड़ा संवेदनशील मामला मानते हुए जांच के दायरे को व्यापक रखा है। सीसीटीवी व्यवस्था और चढ़ावे के प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया का निरीक्षण होगा शासन की जांच समिति मंडलायुक्त आनंद स्वरूप के नेतृत्व में बदरीनाथ धाम में दान-चढ़ावे के संग्रह, सुरक्षित भंडारण, गणना, अभिलेखीकरण और बैंक में जमा करने तक की पूरी व्यवस्था का परीक्षण करेगी। समिति संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के पदाधिकारियों से भी पूछताछ कर सकती है। सीएम पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर गठित यह उच्चस्तरीय जांच समिति पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अपनी रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर शासन को सौंपेगी।

**जांच रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर शासन को सौंपेगी समिति**

---

# केतन अग्रवाल की मां ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

## जल्द न्याय दिलाने की गुहार लगाई

**पुणे (भाषा)।** पुणे के रियल एस्टेट कारोबारी केतन अग्रवाल की हत्या के मामले में उनकी मां राखी अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर बेटे को न्याय दिलाने की गुहार लगाई। उन्होंने कहा कि वह किसी सहानुभूति या विशेष रियायत की नहीं, बल्कि दोषियों को कड़ी से



कड़ी सजा दिलाने की मांग कर रही हैं। प्रधानमंत्री को ई-मेल के जरिए भेजे गए भावुक पत्र में राखी अग्रवाल ने लिखा कि उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि उन्हें अपने ही बेटे के लिए न्याय मांगने की नौबत आएगी। उन्होंने लिखा, "हर मां की तरह मेरा भी सपना था कि केतन अपनी जिंदगी खुशी से जिए, शादी करे और हमारे साथ रहे लेकिन इसके बजाय मुझे अपने बेटे का अंतिम संस्कार करना पड़ा।'

### सोनम की जमानत पर 21 को सुको में सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में आरोपी सोनम रघुवंशी को मिली जमानत को चुनौती देने वाली



मेघालय सरकार की याचिका पर 21 जुलाई को सुनवाई करेगा। सोनम पर 2025 में हनीमून के दौरान अपने पति की हत्या का आरोप है। इंदौर की रहने वाली आरोपी महिला को पिछले साल जून में बिजनेसमैन पति राजा रघुवंशी की हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। दंपति पिछले साल 23 मई को मेघालय के सोहरा इलाके में लापता हो गया था। दो जून 2025 को राजा रघुवंशी का शव एक गहरी खाई में मिला।

---

**16 जुलाई को निकाली जाएगी रथयात्रा, जानिए दिलचस्प बातें**

# 832 टुकड़ों से सजता है जगन्नाथजी का रथ, ऊंचाई होती है 45 फीट

## यात्रा के पहले मनाया जाएगा भगवान का 'नैनासर' उत्सव

एजेंसी ▶▶ पुरी

पुरी में जगन्नाथ रथयात्रा अब अंतिम दौर में है। देव प्रतिमाओं के रथों को सजाने का अब अंतिम दौर चल रहा है। रथयात्रा के एक दिन पहले भगवान जगन्नाथ का 'नैनासर' उत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद 16 जुलाई को रथयात्रा निकाली जाएगी।

पुरी की यह रथयात्रा जितनी विश्वप्रसिद्ध है, उससे भी अधिक रोचक है यहां रथ निर्माण की प्रक्रिया। पहले ये जान लीजिए कि भगवान जगन्नाथ, देवी सुभद्रा और भगवान बलभद्र तीनों के लिए अलग-अलग रथ होते हैं। हर रथ की ऊंचाई, लंबाई चौड़ाई और रंग अलग होता है। इसके अलावा तीनों रथों के नाम भी अलग-अलग होते हैं। इन रथों के निर्माण में काष्ठ की संख्या, पहियों की संख्या भी अलग-अलग होती है।



### रथ पर सवार होते हैं नौ देवता

भगवान जगन्नाथ जी के रथ का नाम नंदीघोष है। इसे बनाने में कारीगर लकड़ी के 832 टुकड़ों का प्रयोग करते हैं। 16 चक्कों पर खड़े इस रथ की ऊंचाई 45 फीट होती है तो वहीं इसकी लंबाई 34 फीट होती है। रथ के सारथी का नाम दारुक, रक्षक गरुण, रथ की रस्सी शंखचूर्ण नागुनी और रथ पर त्रैलोक्य मोहिनी पताका फहराती है। इस रथ को जो चार घोड़े खींचते हैं, उनके नाम शंख, बहालक, सुवेत और हरिदश्व हैं। जगन्नाथ जी के रथ पर नौ देवता भी सवार होते हैं। इनमें वराह, गोवर्धन, कृष्णा, गोपीकृष्णा, नृसिंह, राम, नारायण, त्रिविक्रम, हनुमान और रुद्र शामिल होते हैं। जगन्नाथ जी के रथ को गरुणध्वज और कपिध्वज भी कहा जाता है।

### देवी सुभद्रा के रथ में 593 लकड़ियां

भगवान की बहन देवी सुभद्रा के रथ का नाम देवदलन रथ है। इसे दर्पदलन भी कहते हैं। इसमें कुल काष्ठ खंडों की संख्या 593 होती है और 12 चक्कों पर खड़ा यह रथ महज 31 फीट लंबा 43 फीट ऊंचा होता है। खुद अर्जुन ही इस रथ के सारथी हैं और रथ की रक्षिका जयदुर्गा देवी हैं। रथ में लगे रस्से का नाम स्वर्णचूड़ नागुनी है और इस रथ की पताका नदंबिका कहलाती है। देवी सुभद्रा के रथ को जो चार घोड़े खींचते हैं उनके नाम रुचिका, मोचिका, जीत और अपराजिता हैं।

### बलभद्र जी के रथ में होते हैं 14 चक्के

बलभद्र जी का रथ तालध्वज कहलाता है जो कि सबसे अधिक काष्ठ खंडों 763 टुकड़ों से बनता है। इसमें कुल चक्के 14 होते हैं और इसकी ऊंचाई, 44 फीट होती है। रथ की लंबाई 33 फ़ीट है। इसके सारथि का नाम मातली, रक्षक का नाम वासुदेव, रस्से का नाम वासुकि नाग, पताका उन्नानी कहलाती है। रथ में चार घोड़े हैं जिनके नाम तीव्र, घोर, दीर्घाश्रम, स्वर्ण नाभ हैं।

## चिंतन

# कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता

भाषा केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और अवसरों का सेतु भी है। भारत जैसे बहुभाषी देश में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत लागू की गई त्रि-भाषा नीति (थ्री-लैंग्वेज फॉर्मूला) भी इसी सोच पर आधारित है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीएसई की इस नीति पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता। अदालत की यह टिप्पणी शिक्षा के व्यापक उद्देश्य को रेखांकित करती है, लेकिन यह सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या इस नीति को लागू करने के लिए देश का शिक्षा तंत्र पूरी तरह तैयार है? राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को बहुभाषी बनाना, भारतीय भाषाओं को बढ़ावा देना और शिक्षा को अधिक समावेशी बनाना है। नई व्यवस्था के अनुसार नौवीं और दसवीं कक्षा में तीन भाषाएं पढ़ना अनिवार्य होगा, जिनमें कम से कम दो भारतीय भाषाएं होंगी। इससे विद्यार्थियों को अपनी मातृभाषा और देश की भाषाई विविधता से जुड़ने का अवसर मिलेगा। यह कदम भारतीय भाषाओं के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में भी महत्वपूर्ण है। हालांकि, इस नीति को लेकर कई व्यावहारिक चिंताएं भी सामने आई हैं। सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में कहा गया कि अनेक विद्यार्थी पिछले कई वर्षों से फ्रेंच, जर्मन या अन्य विदेशी भाषाएं पढ़ रहे हैं। ऐसे छात्रों के लिए अचानक नई भारतीय भाषा अपनाना आसान नहीं होगा। इससे उनकी पढ़ाई और परीक्षा दोनों प्रभावित हो सकती हैं। दूसरी ओर, कई स्कूलों में संबंधित भाषाओं के प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं। अनेक भारतीय भाषाओं की पाठ्य पुस्तकें भी समय पर उपलब्ध नहीं हो सकी हैं। इन व्यावहारिक कठिनाइयों को देखते हुए सीबीएसई ने अपनी प्रारंभिक व्यवस्था में संशोधन किया है। नई गाइडलाइन के अनुसार वर्तमान दसवीं, नौवीं, आठवीं और सातवीं के विद्यार्थियों को तीसरी भाषा की बोर्ड परीक्षा नहीं देनी होगी। केवल वर्तमान छठी कक्षा के विद्यार्थी पहले ऐसे बैच होंगे, जिन पर यह नीति पूरी तरह लागू होगी। यह निर्णय बताता है कि सरकार भी चरणबद्ध तरीके से इस बदलाव को लागू करना चाहती है, ताकि विद्यार्थियों पर अनावश्यक दबाव न पड़े। वहीं जो छात्र शैक्षणिक वर्ष 2027-28 में कक्षा 10वीं में प्रवेश करेंगे, उन्हें अपनी तीसरी भाषा (जिसे आर3 कहा गया है) का स्कूल-आधारित इंटरनल असेसमेंट पास करना ही होगा। इसके बिना उन्हें सेकेंडरी स्कूल एग्जामिनेशन पास सर्टिफिकेट नहीं दिया जाएगा। दरअसल, भाषा सीखने के अनेक लाभ हैं। शोध बताते हैं कि एक से अधिक भाषाओं का ज्ञान बच्चों की स्मरण शक्ति, तार्किक क्षमता और रचनात्मक सोच को विकसित करता है। भविष्य में रोजगार, उच्च शिक्षा और राष्ट्रीय स्तर पर संवाद के अवसर भी बढ़ते हैं। इसलिए नई भाषा सीखना कभी नुकसान का सौदा नहीं हो सकता। यदि पर्याप्त शिक्षक, गुणवत्तापूर्ण पाठ्यपुस्तकें, डिजिटल सामग्री और प्रशिक्षण उपलब्ध नहीं होगा तो अच्छी मंशा वाली नीति भी विद्यार्थियों और शिक्षकों दोनों के लिए परेशानी का कारण बन सकती है। केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर यह सुनिश्चित करना होगा कि भाषा नीति लागू करने से पहले सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध हों और विद्यार्थियों को बदलाव के लिए पर्याप्त समय मिले। बहुभाषी भारत में भारतीय भाषाओं को सम्मान मिलना समय की मांग भी है। यदि यही संतुलन बनाए रखा गया, तो सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी वास्तव में सार्थक सिद्ध होगी कि कोई भी भाषा सीखना कभी बेकार नहीं जाता।




जयंती विशेष
डॉ. अमित आर्य

# लख्मीचंद की सोच को साकार कर रही सुपवा

दादा लख्मी चंद का जन्म सोनीपत जिले के जाट्टी कलां गांव में एक साधारण किसान गौड़ ब्राह्मण परिवार में 15 जुलाई 1903 को हुआ। दो भाई व तीन बहनों में वे अपने पिता की दूसरी संतान थे। बाल्यावस्था में उन्हें पशु चराने के लिए खेतों में भेजा जाने लगा। लेकिन, उनकी गाने में रुचि थी। वह हमेशा कुछ न कुछ गुनगुनाते रहते। सात-आठ वर्ष की आयु में ही उन्होंने अपनी मधुर व सुरीली आवाज से लोगों का मन मोहना शुरू कर दिया। ग्रामीण उनसे नित गीत व भजन सुनाने का आग्रह करने लगे। ग्रामीणों की अपार प्रशंसा से उत्साहित बालक लख्मी चन्द ने अनेक गीत व भजन कंठस्थ कर लिए और गायकी के मार्ग पर अपने कदम तेजी से बढ़ा दिए।

हरियाणवी के प्रसिद्ध सांग सम्राट, कवि व लोक कलाकार दादा लख्मी चंद को उनकी 123वीं जयंती पर सर्वप्रथम प्रणाम, विनम्र श्रद्धांजलि। दादा लख्मी चंद का जन्म सोनीपत जिले के जाट्टी कलां गांव में एक साधारण किसान गौड़ ब्राह्मण परिवार में 15 जुलाई 1903 को हुआ। दो भाई व तीन बहनों में वे अपने पिता की दूसरी संतान थे। बाल्यावस्था में उन्हें पशु चराने के लिए खेतों में भेजा जाने लगा। लेकिन, उनकी गाने में रुचि थी। वह हमेशा कुछ न कुछ गुनगुनाते रहते। सात-आठ वर्ष की आयु में ही उन्होंने अपनी मधुर व सुरीली आवाज से लोगों का मन मोहना शुरू कर दिया। ग्रामीण उनसे नित गीत व भजन सुनाने का आग्रह करने लगे। ग्रामीणों की अपार प्रशंसा से उत्साहित बालक लख्मी चन्द ने अनेक गीत व भजन कंठस्थ कर लिए और गायकी के मार्ग पर अपने कदम तेजी से बढ़ा दिए। गांव जांटी कलां में एक विवाह समारोह में बसौदी निवासी पंडित मान सिंह भजन-रागनी का कार्यक्रम करने के लिए पहुंचे।

वे आंखों से देख नहीं सकते थे। उन्होंने कई दिन तक गांव में भजन व रागनियां सुनाईं। बालक लख्मी चन्द भी उनके भजन सुनने के लिए प्रतिदिन जाते थे। लख्मी चन्द के हृदय पटल पर पंडित मान सिंह का ऐसा जादू हुआ कि उन्होंने सीधे मान सिंह को अपना गुरु बनाने का निवेदन कर डाला। एक बालक के गायकी के प्रति इस अपार लगाव से प्रभावित होकर पंडित मान सिंह ने उनके पिता पंडित उदमी राम से इस बारे में बात की और उनकी सहमति के बाद उन्होंने बालक लख्मी चन्द को अपना शिष्य बनाना स्वीकार कर लिया। इसके बाद लख्मी चन्द अपने गुरु से ज्ञान लेने में तल्लीन हो गए और असीम लगन व कठिन परिश्रम से वे निखरते चले गए। कुछ ही समय में लोग उनकी गायन प्रतिभा और सुरीली आवाज के कायल हो गए। अब उनकी रुचि 'सांग' सीखने की हो गई। 'सांग' की कला सीखने के लिए लख्मी चन्द कुण्डल निवासी सोहन लाल के बेड़े में शामिल हो गए। अडिग लगन व मेहनत के बल पर पांच साल में ही उन्होंने 'सांग' की बारीकियां सीख लीं। उनके अभिनय एवं नाच का जादू लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगा। उनके अंग-अंग का मटकना, मनोहारी अदाएं, हाथों की मुद्राएं, कमर की लचक और गजब की फुर्ती का जादू हर किसी को मदहोश कर देता था। जब वे नारी पात्र अभिनीत करते थे तो देखने वाले बस देखते रह जाते थे। इसी बीच सोहन लाल ने लख्मी चन्द के गुरु मान सिंह के बारे में कुछ असभ्य बात मंच से कह दी, जिसका उन्हें अत्यन्त बुरा लगा। उन्होंने सोहन लाल का बेड़ा छोड़ने का ऐलान कर दिया। इससे भन्नाए कुछ संकीर्ण मानसिकता के लोगों ने धोखे से लख्मी चन्द के खाने में पारा मिला दिया, जिससे उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। उनकी आवाज को भी भारी क्षति पहुंची, लेकिन सतत साधना के जरिए उन्होंने कुछ समय बाद पुनः अपनी आवाज में सुधार किया। इसके बाद उन्होंने स्वयं अपना अलग बेड़ा तैयार करने का मन बना लिया। लख्मी चन्द ने अपने गुरुभाई जैलाल नदीपुर माजरा वाले के साथ मिलकर मात्र 18-19 वर्ष की उम्र में ही अलग बेड़ा बनाया और 'सांग' मंचित करने लगे। अपनी बहुमुखी प्रतिभा और महान आशा के बल पर उन्होंने एक वर्ष के अन्दर ही लोगों के बीच पुनः अपनी पकड़ बना ली।



उनकी लोकप्रियता को देखते हुए बड़े-बड़े नामी कलाकार उनके बेड़े में शामिल होने लगे और पंडित लख्मी चन्द देखते ही देखते 'सांग-सम्राट' के रूप में विख्यात होते चले गए। 'सांग' के दौरान साज-आवाज-अन्दाज आदि किसी भी मामले में किसी तरह की ढील अथवा लापरवाही उन्हें बिल्कुल भी पसन्द नहीं थी। उन्होंने अपने बेड़े में एक से बढ़कर एक कलाकार रखे और 'सांग' कला को नई ऐतिहासिक बुलन्दियों पर पहुंचाया। प्रारम्भ में लख्मी चंद श्रृंगार रस की रचनाओं पर जोर देते थे, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान को भी अपनी रचनाओं में पिरोना शुरू कर दिया। वेदों, शास्त्रों, उपनिषदों और अन्य धार्मिक ग्रन्थों का ज्ञान लेने के लिए उन्होंने दो विद्वान शास्त्रियों को अपने साथ जोड़ लिया। वे आध्यात्मिक ज्ञान में ऐसे डूबे की संत प्रवृत्ति के होते चले गए और जीवन के आखिरी दशक में वैरागी-सा जीवन जीने लगे। दान एवं पुण्य कार्यों में उन्होंने बढ़-चढ़कर योगदान दिया। लंबी बीमारी के उपरान्त 17 जुलाई, 1945 की सुबह उनका देहान्त हो गया। पंडित लखमीचन्द ने अपने जीवन में लगभग दो दर्जन 'सांगों' की रचना की, जिनमें 'नल-दमयन्ती', 'हरीशचन्द्र', 'ताराचन्द', 'चापसिंह', 'नौटंकी', 'सत्यवान-सावित्री', 'चीरपर्व', 'पूर्ण भगत', 'मेनका-शकुन्तला', 'मीरा बाई', 'शाही लकड़हारा', 'कीचक पर्व', 'पदमावत', 'गोपीचन्द', 'हीरामल जमाल', 'चन्द्र किरण' 'बीजा सौरठ', 'हीर-रांझा', 'ज्यानी चोर', 'सुलतान-निहालदे', 'राजाभोज-शरणदे', 'भूप पुरंजन' आदि शामिल हैं। उन्होंने दर्जनों भजनों की भी रचना की। लखमीचन्द के शिष्यों की लंबी सूची है, जिन्होंने 'सांग' कला को समर्पित भाव से आगे बढ़ाया। उनके शिष्य पंडित मांगेराम (पाणची) ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा के बल पर 'सांग' को एक नया आयाम दिया और अपने गुरु पंडित लखमी चन्द के बाद दूसरे स्थान पर 'सांग' कला में अपना नाम दर्ज करवाया। पंडित लखमीचन्द अपनी अथाह एवं अनमोल विरासत छोड़कर गए हैं। उनकी इस विरासत को सहेजने व आगे बढ़ाने के लिए उनके सुपुत्र पंडित तुलेराम ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। इसके बाद तीसरी पीढ़ी में उनके पौत्र पंडित विष्णु दत्त कौशिक भी अपने दादा की विरासत के संरक्षण एवं संवर्धन में अति प्रशंसनीय भूमिका अदा कर रहे हैं। अब चौथी पीढ़ी के तौर पर चेतन कौशिक इसी विधा को आगे ले जाने की शुरुआत कर चुके हैं। चेतन अपने पड़दादा के नाम पर बनी दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (डीएलसीसुपवा) से अभिनय के क्षेत्र में ग्रेजुएशन भी कर चुके हैं। हरियाणवी रागनी व सांग में उल्लेखनीय योगदान के कारण दादा लख्मी चंद को 'सूर्य-कवि' कहा जाता है। उनके नाम पर साहित्य के क्षेत्र में कई पुरस्कार दिए जाते हैं। दादा लख्मी के नाम को हमेशा-हमेशा के लिए अमर रखने के लिए ही प्रदेश सरकार ने रोहतक में बनी स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स का नामकरण दादा लख्मी चंद के नाम पर किया। यह यूनिवर्सिटी पूरी तरह से कला को समर्पित है। जहां युवाओं को न सिर्फ फिल्म जगत में एंट्री के लिए एक्टिंग समेत अन्य सभी कोर्स कराए जा रहे हैं, बल्कि विजुअल आर्ट्स, डिजाइन व प्लानिंग एवं आर्किटेक्चर में भी पारंगत किया जा रहा है। डीएलसी सुपवा के छात्रों की कोर्स फिल्में, डॉक्यूमेंट्री, म्यूजिक वीडियो आज देश-विदेश के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल के लिए चयनित हो रहे हैं। आने वाले समय में यहां के छात्र दादा लख्मी की मेहनत व लग्न व अनुसरण करते हुए अपना, परिवार, प्रदेश व देश का नाम जरूर रोशन करेंगे।

(लेखक डीएलसी सुपवा रोहतक के कुलगुरु हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## संघर्ष

डॉ. घनश्याम बादल



# होर्मुज़ पर टैक्स की जंग समुद्र पर किसका अधिकार

युद्ध केवल मोर्चों पर नहीं लड़े जाते, वे समुद्रों, व्यापार मार्गों, अर्थव्यवस्था और कूटनीति पर भी लड़े जाते हैं। आज फारस की खाड़ी का प्रवेश द्वार, हार्मुज़ जलडमरूमध्य, इसी प्रकार के संघर्ष का केंद्र बन गया है। ईरान और अमेरिका एक-दूसरे पर युद्धविराम की शर्तें तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। एक ओर ईरान अपने समुद्री क्षेत्र से गुजरने वाले जहाजों पर नियंत्रण और शुल्क लगाने की बात कर रहा है, तो दूसरी ओर अमेरिका भी समुद्री सुरक्षा के नाम पर जहाजों से 20 प्रतिशत शुल्क वसूलने की घोषणा कर चुका है। दोनों पक्ष अपने-अपने कदम को वैध ठहरा रहे हैं, किंतु प्रश्न यह है कि इसकी कीमत कौन चुकाएगा? उत्तर स्पष्ट है-दुनिया। ताज़ा घटनाक्रम में दोनों देश युद्धविराम के उल्लंघन के लिए एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं। अमेरिका का आरोप है कि ईरान ने हार्मुज़ में जहाजों की आवाजाही बाधित कर समझौते की भावना का उल्लंघन किया, जबकि ईरान का कहना है कि अमेरिकी सैन्य कार्रवाई, नाकेबंदी और इज़राइल को समर्थन ने युद्धविराम को अर्थहीन बना दिया। स्वतंत्र रूप से इन दावों की पूरी पुष्टि संभव नहीं है, लेकिन इतना स्पष्ट है कि दोनों पक्ष युद्धविराम की अलग-अलग व्याख्या कर रहे हैं और यही टकराव का सबसे बड़ा कारण बन गया है। इस पूरे संकट में इज़राइल की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। ईरान का आरोप है कि इज़राइल की सैन्य गतिविधियों को अमेरिकी समर्थन प्राप्त है, जबकि अमेरिका इसे क्षेत्रीय सुरक्षा का प्रश्न बताता है। परिणाम यह है कि युद्ध केवल ईरान और अमेरिका के बीच सीमित नहीं रह गया, बल्कि पूरा पश्चिम एशिया उसकी चपेट में आ गया है। हार्मुज़ विश्व ऊर्जा आपूर्ति की जीवनरेखा है। सामान्य परिस्थितियों में विश्व के समुद्री तेल व्यापार का लगभग पांचवां हिस्सा इसी मार्ग से गुजरता है। यदि इस मार्ग पर कोई भी पक्ष कर लगाए, जहाजों को रोकें या सैन्य नियंत्रण स्थापित करें, तो उसका प्रभाव केवल खाड़ी तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतें बढ़ेंगी, समुद्री बीमा महंगा होगा, माल ढुलाई की लागत बढ़ेगी और अंततः पूरी दुनिया में महंगाई का दबाव बढ़ेगा। सबसे रोचक और विडंबनापूर्ण स्थिति यह है कि दोनों पक्ष लगभग एक जैसी नीति अपना रहे हैं। ईरान कहता है कि वह अपनी समुद्री सीमा और सुरक्षा के लिए शुल्क लेगा। अमेरिका कहता है कि वह समुद्री सुरक्षा उपलब्ध करा रहा है, इसलिए उसके लिए भी शुल्क लिया जाना चाहिए। नाम अलग-अलग हो सकते हैं-'टैक्स', 'टोल', 'सुरक्षा शुल्क' या 'प्रतिपूर्ति'-लेकिन अंततः भुगतान जहाज मालिकों को करना होगा और उसका भार दुनिया के उपभोक्ताओं पर पड़ेगा। यही इस पूरे विवाद की सबसे बड़ी विडंबना है। अंतरराष्ट्रीय समुद्री कानून का मूल सिद्धांत यह है कि अंतरराष्ट्रीय नौवहन मार्गों पर निर्बाध आवागमन सुनिश्चित किया जाए। किसी एक देश द्वारा समुद्री मार्ग को आर्थिक या राजनीतिक दबाव का साधन बनाना वैश्विक व्यापार व्यवस्था की भावना के विरुद्ध माना जाता है। यही कारण है कि दोनों पक्षों के दावों पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रश्न उठ रहे हैं। भारत के लिए यह संकट विशेष चिंता का विषय है।

भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा भाग आयात करता है और उसका महत्वपूर्ण हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। यदि हार्मुज़ में तनाव बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमतें बढ़ेंगी, पेट्रोल और डीज़ल महंगे होंगे, परिवहन लागत बढ़ेगी, उर्वरकों की कीमत प्रभावित होगी और अंततः महंगाई का दबाव आम नागरिक तक पहुंचेगा। इसके अतिरिक्त खाड़ी देशों में कार्यरत लाखों भारतीयों की सुरक्षा और भारतीय निर्यात-आयात पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता है। खाड़ी देशों की स्थिति भी कम कठिन नहीं है। वे एक ओर अमेरिका के सुरक्षा सहयोगी हैं, दूसरी ओर उनकी अर्थव्यवस्था समुद्री व्यापार और ऊर्जा निर्यात पर निर्भर है। इसलिए वे किसी भी ऐसे संघर्ष से बचना चाहते हैं जिससे व्यापार बाधित हो। लंबे समय तक तनाव बना रहा तो खाड़ी देशों की आर्थिक वृद्धि और निवेश दोनों प्रभावित होंगे। वास्तविकता यह है कि आधुनिक युद्धों में 'आर-पार की जीत' अब लगभग असंभव हो गई है। अमेरिका जैसी महाशक्ति भी ईरान जैसे क्षेत्रीय शक्ति-संपन्न देश को स्थायी रूप से झुका नहीं सकती, और ईरान भी अमेरिका को सैन्य रूप से पराजित करने की स्थिति में नहीं है। यह संघर्ष किसी एक क्षेत्र का नहीं, पूरी मानवता का प्रश्न बन चुका है। यदि अमेरिका और ईरान वास्तव में शांति चाहते हैं तो उन्हें यह स्वीकार करना होगा कि प्रतिष्ठा की लड़ाई में आर्थिक स्थिरता और वैश्विक विश्वास को दांव पर नहीं लगाया जा सकता। आधुनिक विश्व में स्थायी विजय युद्ध से नहीं, संवाद और संतुलित कूटनीति से ही प्राप्त होती है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## बुरे लोग ही दूसरों में ढूंढ़ते हैं दोष



संकलित

**दर्शन**

लोग प्रायः दूसरों में दोष ढूंढ़ने में लगे रहते हैं। इसी को छिद्रान्वेषण कहते हैं। ऐसा करने वाले लोग अपने बड़े-बड़े दोषों को देखते हुए भी नहीं देख पाते। फिर भी दूसरों में दोष निकालने से बाज नहीं आते। यह प्रवृत्ति न केवल स्वयं के लिए, अपितु समाज के लिए भी घातक है। इसी कारण समाज में ईर्ष्या, द्वेष और वैमनस्य का परिवेश बनता है। इसका सर्वाधिक विपरीत प्रभाव उन लोगों के मनोबल पर पड़ता है, जो ईमानदारी से समाज और देश की सेवा कर जीवन यापन करना चाहते हैं। छिद्रान्वेषी प्रवृत्ति अमूमन उन्हीं लोगों में देखने को मिलती है जो स्वयं बुराइयों के भंडार होते हैं। इससे उनकी सकारात्मक ऊर्जा का निरंतर क्षरण होता है और स्वयं का विकास अवरुद्ध हो जाता है। इसीलिए चाणक्य ने कहा है, 'मनुष्य की यह प्रवृत्ति कभी अपने भीतर सद्गुणों का विकास नहीं होने देती।' परिणामस्वरूप मन, वाणी और कर्म तीनों कलुषित हो जाते हैं। महाभारत में दुर्योधन छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का सबसे बड़ा उदाहरण है। उसने कभी अपने दोष देखने का प्रयास नहीं किया। इसीलिए उसके मन, वाणी और कर्म सभी कलुषित हो गए। एक बार गुरु द्रोण ने दुर्योधन और युधिष्ठिर दोनों को राज्य में साधु पुरुषों की गणना के लिए भेजा तो दुर्योधन को कोई साधु पुरुष मिला ही नहीं। यह दुर्योधन की छिद्रान्वेषी दुष्प्रवृत्ति का परिणाम था। इसके विपरीत युधिष्ठिर को कोई दुर्जन व्यक्ति नहीं मिला। वास्तव में दूसरे के दोष देखने का अधिकार उसी को है, जिसमें वह बुराई न हो।

## झूठ बोलकर मिला ज्ञान ज्यादा दिन नहीं चलता




संकलित

**प्रेरणा**

परशुराम अष्ट चिरंजीवियों में से एक हैं, योद्धा और गुरु हैं। महाभारत के समय भीष्म, द्रोणाचार्य और कर्ण इनके शिष्य थे। परशुराम जी से ज्ञान हासिल करने के लिए कर्ण ने झूठ बोला था कि मैं ब्राह्मण पुत्र हूं, क्योंकि उस समय परशुराम जी ब्राह्मणों को ही ज्ञान दे रहे थे। कर्ण परशुराम जी का शिष्य बन गया और ज्ञान हासिल करने लगा। एक दिन जब परशुराम कर्ण की गोद में सिर रखकर सो रहे थे। उस समय कर्ण की जांघ पर एक बड़े कीड़े ने काट लिया। गुरु की नींद न टूटे ये सोचकर कर्ण दर्द सहते रहे, लेकिन उन्होंने परशुराम को नींद से नहीं जगाया। नींद से जागने पर जब परशुराम ने देखा कि कर्ण के पैर से खून बह रहा है तो वे समझ गए कि कर्ण ब्राह्मण पुत्र नहीं है। तब परशुराम ने क्रोधित होकर कर्ण को शाप दिया था कि मेरी सिखाई हुई विद्या की जब तुम्हें सबसे ज्यादा आवश्यकता होगी, उस समय तुम ये विद्या भूल जाओगे। महाभारत युद्ध में जब कर्ण और अर्जुन का आमना-सामना हुआ, उस समय कर्ण अपने दिव्यास्त्रों को प्रकट करने की विधि भूल गए थे। इसके बाद अर्जुन ने श्रीकृष्ण के कहने पर कर्ण का वध कर दिया। झूठ बोलकर हासिल की गई विद्या लंबे समय तक साथ नहीं देती है। ज्ञान सीखने के लिए त्याग और तप दोनों ही करना पड़ता है तब कहीं सही मायनों में ज्ञान अर्जित हो पाता है। दूसरा, सही गुरु का मिलना भी जरूरी है अन्यथा भटकते रहना पड़ता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### होर्मुज संकट : विश्व आर्थिकी के लिए बढ़ता खतरा

अमरीका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने एक बार फिर होर्मुज जलडमरूमध्य को वैश्विक चिंता का विषय बना दिया है। यदि यह समुद्री मार्ग लंबे समय तक बाधित रहता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था, ऊर्जा सुरक्षा और व्यापार व्यवस्था प्रभावित होगी। यह स्थिति इस बात का संकेत है कि क्षेत्रीय संघर्ष अब वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण समुद्री मार्गों में से एक है। प्रतिदिन दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत कच्चे तेल और बड़ी मात्रा में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। जहाजों की आवाजाही अगर बाधित होती है, तो अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आना स्वाभाविक है। *– कमलेश शर्मा, अंबाला*

## करंट अफेयर

### यूरोप में भीषण गर्मी भौंरों के लिए साबित हो रही जानलेवा

संभव है कि गर्मियों के महीनों में आपको अपने आस-पास फुटपाथ पर मरे हुए भौंरे (बम्बलबीज) दिखाई दें। इसके पीछे कई कारण हैं जिनमें कुछ मौसमी और काफी हद तक इंसानी गतिविधियां हैं। भौंरे सामाजिक होते हैं और कॉलोनियों में रहते हैं। इन कॉलोनियों को बहुत सक्रिय मजदूर भौंरें चलाते हैं, जिनकी उम्र बहुत छोटी यानी चार से छह हफ्ते की होती है। इसका अभिप्राय है कि काफ़ी कम समय में ही बूढ़े होकर ये भौंरें मर जाते हैं और कॉलोनी में बीमारी फैलने से रोकने के लिए, स्वस्थ युवा मजदूर भौंरे मरे हुए भौंरों को बाहर निकालकर कॉलोनी से काफ़ी दूर ले जाते हैं। एक और वजह मौसम है। 2026 में इंग्लैंड में जून का महीना अब तक का सबसे गर्म रहा (और पूरे ब्रिटेन के लिए यह दूसरा सबसे गर्म महीना था) और इस गर्मी में तापमान के और भी ज्यादा रहने की आशंका है। इस तरह की अत्यधिक गर्मी से भौंरों में तनाव पैदा होता है। लंबे समय तक गर्मी के संपर्क में रहने से उनके विकास पर असर पड़ता है और उनकी आबादी की लंबे समय की स्थिरता खतरे में पड़ जाती है। भीषण गर्मी का नकारात्मक असर इन भौंरों के प्रजनन, उड़ने और भोजन की तलाश करने की क्षमता पर भी पड़ता है।



## ऑफ बीट

### साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

## ट्रेंड

### अदम्य कौशल

भारतीय महिला क्रिकेट के एक नए दौर की शुरुआत। इंग्लैंड के खिलाफ आज का टेस्ट मैच जीतने के लिए हमारी महिला क्रिकेट टीम को बधाई। यह भारतीय महिला क्रिकेट के अदम्य कौशल का प्रतीक है।

- **अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री



### डबल-इंजन सरकार

भारत सरकार पश्चिम बंगाल के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। 'डबल-इंजन' सरकार कदम-से-कदम मिलाकर और कंधे-से-कंधा मिलाकर आगे बढ़ेगी। पश्चिम बंगाल को तरक्की और विकास के मामले में देश में नंबर वन बनाने के लिए हर संभव कोशिश की जाएगी।

-**शिवराज सिंह चौहान**, केंद्रीय कृषि मंत्री



### शिक्षा व्यवस्था

भ्रष्ट, अन्यायपूर्ण, पक्षपाती और बेईमान - ये चार शब्द मेरे नहीं हैं, बल्कि देश के छात्र आज भारत की शिक्षा व्यवस्था के लिए इनका इस्तेमाल कर रहे हैं। सच तो यह है कि भारत की शिक्षा व्यवस्था अब जबरन वसूली का एक बेईमान ज़रिया बन गई है।

- **राहुल गांधी**, सांसद, कांग्रेस



### जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

सीजेपी का जंतर-मंतर पर कई दिनों से विरोध-प्रदर्शन चल रहा है। सोनम वांगचुक वहां कई दिनों से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। हम उनकी मांगों का समर्थन करते हैं। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

-**अरविंद केजरीवाल**, पूर्व सीएम, नई दिल्ली



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# 21 साल बाद अर्जेंटीना और इंग्लैंड में भिड़ंत

## सेमीफाइनल में आज मेस्सी और केन होंगे आमने-सामने









एजेंसी ▶▶| अटलांटा

अर्जेंटीना और इंग्लैंड के बीच अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल की बहुचर्चित प्रतिद्वंद्विता बुधवार को जब विश्व कप के दूसरे सेमीफाइनल में फिर से जीवंत होगी तो सबकी नजर इस पर टिकी रहेगी कि इसमें लियोनेल मेस्सी के पांवों का जादू चलेगा या हैरी केन का करिश्मा। मेस्सी ने अब तक मौजूदा टूर्नामेंट में 8 गोल करके अर्जेंटीना की जीत में अहम भूमिका निभाई है तो केन भी उनसे ज्यादा पीछे नहीं है, जिन्होंने छह गोल दागे हैं। यह दोनों खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहली बार आमने-सामने होंगे क्योंकि दोनों टीम के बीच 2005 के बाद कोई मुकाबला नहीं हुआ है।

### अर्जेंटीना को करना पड़ा उतार-चढ़ाव का सामना

मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना की टीम को हाल के मैचों में उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ा है। ग्रुप चरण में अपने तीनों मैच जीतने वाले अर्जेंटीना का केप वर्दे के खिलाफ मैच अतिरिक्त समय तक खिंचा। इसके बाद उसे मिस्र और स्विट्जरलैंड को हराने में भी संघर्ष करना पड़ा। अर्जेंटीना विश्व कप में 12 मैचों से अजेय है। इंग्लैंड ने भी अपने ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसने अंतिम 16 के मैच में मैक्सिको को 3-2 से हराया और फिर नॉर्वे के खिलाफ क्वार्टर-फाइनल मुकाबले में पिछड़ने के बाद बेलिंगहम के दो शानदार गोल की मदद से 3-2 से जीत हासिल की।

### राइट- बैक इंग्लैंड टीम की समस्या

इंग्लैंड की राइट-बैक की समस्या अभी भी बनी हुई है। जेरेल क्वांसा निलंबित हैं और चोटिल रीस जेम्स को शुरुआती लाइनअप में शामिल किए जाने की संभावना बहुत कम है। ऐसे में एजरी कोंसा या जेड स्पेंस को अर्जेंटीना की तरफ से बाएं छोर से होने वाले आक्रमण के खिलाफ मोर्चा संभालना होगा। अर्जेंटीना के सभी खिलाड़ी खेलने के लिए उपलब्ध हैं, जिससे उसके कोच लियोनेल स्कालोनी के लिए शुरुआती एकादश का चयन करना आसान नहीं होगा। उन्हें यह तय करना है कि अपने करिश्माई कप्तान मेस्सी के साथ जूलियन अल्वारेज को खिलाया जाए या लोटारो मार्टिनेज को।

### इंग्लैंड के सामने अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति की परीक्षा

केन को जूड बेलिंगहम (छह गोल) का भी अच्छा साथ मिला है। इंग्लैंड की टीम के लिए, जहां मेस्सी को रोकना एक चुनौती होगी वहीं केन और बेलिंगहम के सामने अर्जेंटीना की रक्षापंक्ति की कड़ी परीक्षा होगी। बेलिंगहम बेहतरीन फॉर्म में चल रहे हैं और अर्जेंटीना को उनसे सतर्क रहना होगा। इन दोनों देशों के बीच वर्षों से चली आ रही प्रतिद्वंद्विता को देखते हुए मैच के दौरान तनाव भी होने की संभावना है। फिर चाहे वह 1966 में खेले गए विश्व कप में अर्जेंटीना के तत्कालीन कप्तान एंटोनियो रैटिन को बाहर भेजने का मामला हो या फुटबॉल के मैदान से इतर 1982 में फ़ॉकलैंड द्वीप समूह पर हुआ संघर्ष, इन दोनों देशों के बीच फुटबॉल के मैदान के अंदर और बाहर तनाव देखने को मिला है।

### यादगार है 1986 में माराडोना का 'हैंड ऑफ गॉड' गोल

जब इंग्लैंड और अर्जेंटीना के बीच मैच की बात हो तो फिर विश्व कप 1986 में डिएगो माराडोना के 'हैंड ऑफ गॉड' गोल को कैसे भुलाया जा सकता है। उनके इस गोल के दम पर अर्जेंटीना जीत हासिल करने में सफल रहा था। इसके बाद 1998 में डेविड बेकहम को बाहर भेजे जाने और इसके चार साल बाद इस स्टार खिलाड़ी के फ्री किक पर किए गए गोल ने प्रतिद्वंद्विता को चरम पर पहुंचाया। इन दोनों टीम ने अभी तक अजेय रहकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया है।

### मिडफील्ड में होगा रोमांचक मुकाबला

इस मैच में मिडफील्ड में रोमांचक मुकाबला देखने को मिल सकता है। इंग्लैंड को अपना पूरा ध्यान मेस्सी पर लगाने से बचना होगा, जो एंजो फर्नांडीज और एलेक्सिस मैक एलिस्टर के साथ मिलकर इंग्लैंड की रक्षात्मक पंक्ति को भेदने और उनके आक्रामक डिफेंस के पीछे मौजूद खाली जगह का फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के कोच थॉमस ट्यूशेल की रणनीति रक्षात्मक चूक को कम करने को प्राथमिकता देनी होगी। डेक्लान राइस और कोबी मैनू की मेस्सी को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

## खबर संक्षेप



### स्क्वाश पीएसए चैलेंजर से सान्या वत्स बाहर

**चेन्नई।** भारत की चौथी वरीयता प्राप्त सान्या वत्स एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में मिस्र की शीर्ष वरीयता प्राप्त रुकाइया ओथमान से हार गई। इंडियन स्क्वाश अकादमी में खेले गए मैच में वत्स को मिस्र की खिलाड़ी से 4-11, 2-11, 5-11 से हार का सामना करना पड़ा। एक अन्य सेमीफाइनल में कोरिया की ह्वायेओंग ईम ने मिस्र की हाना अलादीन को 11-9, 9-11, 2-11, 11-4, 11-6 से हराया। पुरुष वर्ग का फाइनल मलेशिया के जोआचिम चुआ और मिस्र के अधम रोशडी के बीच खेला जाएगा।

### जूडो महासंघ को मिली सशर्त मान्यता



**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने भारतीय जूडो महासंघ (जेएफआई) के अंतरिम निकाय को सशर्त मान्यता दे दी है, जिसका चुनाव दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के बाद पिछले महीने हुआ था। मंत्रालय ने इसके साथ ही चेतावनी दी कि अगर वह अदालत के निर्देशों का पालन नहीं करेगा तो उसे निलंबित कर दिया जाएगा। जेएफआई का संचालन 2022 से अदालत से नियुक्त प्रशासक कर रहे थे। दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस साल फरवरी में अपने फैसले में निकाय को वार्षिक आम बैठक बुलाने और इस साल की शुरुआत में लागू किए गए राष्ट्रीय खेल प्रशासन अधिनियम के प्रावधानों का पालन करने के लिए कहा था।

# गिल-अक्षर के दम पर भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ पहला वनडे जीता

**गिल-वॉशिंगटन की फिफ्टी इंग्लैंड को 6 विकेट से हराया**

**अक्षर ने 57* रन बनाए और चार विकेट झटके**



भाषा ▶▶| बर्मिंघम

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने एजबेस्टन मैदान पर अपना शानदार रिकॉर्ड बरकरार रखते हुए 80 रन की आकर्षक पारी खेली जिसकी बदौलत भारत ने तीन मैचों की श्रृंखला में मंगलवार को पहले वनडे में इंग्लैंड को छह विकेट से हराकर इस दौरे की पहली जीत दर्ज की। हरफनमौला अक्षर पटेल ने भी बल्ले और गेंद दोनों से बेहतरीन प्रदर्शन किया। उन्होंने पहले चार विकेट लेकर इंग्लैंड को 258 रन पर समेटने में अहम भूमिका निभाई और फिर 52 गेंदों में नाबाद 57 रन बनाकर लक्ष्य हासिल करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके साथ वाशिंगटन सुंदर ने भी नाबाद 52 रन बनाए। जीत के लिए 259 रन का पीछा करते हुए भारत ने 45.2 ओवर में चार विकेट पर 262 रन बनाकर मुकाबला अपने कनाम किया। एक समय टीम का स्कोर 160 रन पर चार विकेट था, लेकिन प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर और वाशिंगटन ने पांचवें विकेट के लिए नाबाद 102 रन की साझेदारी कर भारत को आसान जीत दिला दी। गिल शानदार लय में दिखे और 75 गेंदों की अपनी पारी में 11 चौके तथा एक छक्का लगाया। शतक के करीब पहुंचने से पहले उन्हें पिंडली और मांसपेशियों में ऐंठन के कारण वह रिटायर हर्ट हो गए। इस जीत के साथ भारत ने ब्रिटेन दौरे पर जीत का खाता खोला। इससे पहले टीम को आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में हार का सामना करना पड़ा था।

### 968 दिन का बाद बुमराह का 'कमाल कमबैक'

*भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटते ही कमाल कर दिया। पहले 4 ओवर में सिर्फ 8 रन और फिर पांचवें ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट लेते ही उन्होंने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। उन्होंने इस विकेट के साथ वनडे इंटरनेशनल में अपने 150 विकेट पूरे किए। साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। जसप्रीत बुमराह ने अपने 90वें मैच और 89वीं पारी में 150वां विकेट लिया और सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने।*

# 77 रन पर ढेर पूरी टीम, 6 ओवर में खत्म हो गया टी-20 मुकाबला

एजेंसी ▶▶| बर्मिंघम

टी20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर मुकाबले में एक बेहद एकतरफा और हैरान करने वाला मैच देखने को मिला। इस मुकाबले में बेल्जियम ने हंगरी के खिलाफ 10 विकेट से एकतरफा और धमाकेदार जीत दर्ज की। हंगरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 77 रनों पर ढेर हो गई, जिसके बाद बेल्जियम ने महज 6 ओवरों में ही बिना कोई विकेट खोए टारगेट हासिल कर लिया।

**बेल्जियम ने हंगरी को 10 विकेट से हराया**

### हंगरी की बैटिंग फेल

मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी हंगरी की शुरुआत बेहद खराब रही। बेल्जियम के घातक गेंदबाजी आक्रमण के सामने हंगरी का कोई भी बल्लेबाज टिककर नहीं खेल सका। टीम की तरफ से जाहिर सफी मोहम्मद ने सबसे ज्यादा 26 गेंदों में 20 रन बनाए। उनके अलावा मोहम्मद माज भाईजी ने 11 और कप्तान विनोद रविंद्रन ने 10 रनों का योगदान दिया। इन तीनों के अलावा टीम का कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा तक नहीं छू सका और पूरी टीम 19.3 ओवरों में 77 रन बनाकर पवेलियन लौट गई।

# आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग : मानव-मानुष बने वर्ल्ड नंबर-2, शीर्ष 10 में तीन भारतीय जोड़ियां

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय टेबल टेनिस ने बड़ी उपलब्धि हासिल की जब नवीनतम आईटीटीएफ विश्व रैंकिंग में भारत की तीन युगल जोड़ियों ने शीर्ष 10 में जगह बनाई। भारतीय युगल जोड़ियों की अगुआई मानव ठक्कर और मानुष शाह कर रहे हैं , जो पुरुष युगल रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं, जो किसी भी युगल वर्ग में किसी भारतीय जोड़ी की अब तक की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हैं। महिला युगल में दीया चितले और यशस्विनी घोरपडे दुनिया की 10वें नंबर की जोड़ी के रूप में शीर्ष 10 में जगह बनाने में सफल रहीं। मिश्रित युगल में दीया और मानुष दुनिया की पांचवें नंबर की जोड़ी है। यह पहली बार है जब भारत की तीन जोड़ियों ने विश्व रैंकिंग में एक साथ शीर्ष 10 में जगह बनाई है।



### भारत की जोड़ियां दे रही पारंपरिक दिग्गजों को टक्कर

*यह उपलब्धि युगल खेलने वाले सबसे मजबूत देशों में भारत की बढ़ती अहमियत को दिखाती है क्योंकि भारत की जोड़ियां लगातार चीन, जापान, दक्षिण कोरिया और चीनी ताइपे जैसे पारंपरिक दिग्गजों को कड़ी टक्कर दे रही हैं। यह उपलब्धि खेल के लिए एक अहम मोड़ पर भी आई है क्योंकि लॉस एंजिलिस 2028 खेलों में युगल वर्ग की ओलंपिक कार्यक्रम में वापसी होने वाली है, जिससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस स्पर्धा का महत्व बढ़ गया है।*

### 20 से युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप

***नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने मस्कट में 20 से 25 जुलाई तक होने वाली पहली युवा हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के लिए भारतीय सब जूनियर पुरुष और महिला टीम की घोषणा की। यह चैंपियनशिप इसलिए भी खास है क्योंकि यह पहली एफआईएच अंडर-18 युवा हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए आधिकारिक एशियाई क्वालीफायर है। इस टूर्नामेंट में एशिया के उभरते हुए बेहतरीन हॉकी खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिसमें दोनों वर्ग में सात-सात टीम मुकाबला करेंगी। पुरुषों के वर्ग में मेजबान ओमान, भारत, पाकिस्तान, ईरान, इराक, सऊदी अरब और बांग्लादेश की टीम चुनौती पेश करेंगी। महिलाओं के वर्ग में भारत, पाकिस्तान, ओमान, चीन, उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और ईरान की टीम खेलेंगी। भारतीय टीम का चयन भोपाल (महिलाओं के लिए) और चंडीगढ़ (पुरुषों के लिए) में चल रहे दो राष्ट्रीय शिविर में 15-15 खिलाड़ियों के समूह से किया गया। दस खिलाड़ियों वाली महिला टीम में गोलकीपिंग की जिम्मेदारी खिली कुमारी और महक परिहार को मिली है।*

**लेनोक्स का कहर**

# न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 5 विकेट से हराया

एजेंसी ▶▶| प्रोविडेंस



बाएं हाथ के स्पिनर जेडन लेनोक्स ने 19 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ कम स्कोर वाले दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में 5 विकेट से जीत हासिल करके श्रृंखला बराबर कर ली। वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय बिना किसी नुकसान के 63 रन था लेकिन आखिर में उसकी टीम 36 ओवर में 138 रन पर आउट हो गई। न्यूजीलैंड के लिए भी टर्न लेती पिच पर छोटे लक्ष्य तक पहुंचना आसान नहीं रहा। उसका स्कोर भी एक समय पांच विकेट पर 96 रन था। उसके बाद टॉम लैथम (नाबाद 37) ने मार्क ब्रैसवेल (नाबाद 24) के साथ 37 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को 104 गेंद शेष रहते लक्ष्य तक पहुंचाया। न्यूजीलैंड ने 32.4 ओवर में पांच विकेट पर 141 रन बनाए। न्यूजीलैंड की यह वनडे में 400वीं जीत थी जिससे उसने पांच मैचों की श्रृंखला को 1-1 से बराबर कर दिया।

### लेनोक्स ने किया 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू

वेस्टइंडीज ने पहला मैच सात विकेट से जीता था। लेनोक्स ने 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद अपने सातवें वनडे में पहली बार पांच विकेट लिए। उन्होंने एक ऐसे पतन की शुरुआत की, जिससे जॉन कैंपबेल (43) और अकीम ऑगस्ट (18) के बीच पहले विकेट की अच्छी साझेदारी के बावजूद वेस्टइंडीज ने 65 रन के अंदर अपने सभी 10 विकेट गंवा दिए। उसके केवल चार बल्लेबाज ही दोहरे अंक तक पहुंचे। इनमें आमिर जांगू भी शामिल थे, जिन्होंने 24 रन बनाए। हेनरी निकोल्स (17) और विल यंग (28) ने न्यूजीलैंड को तेज शुरुआत दी तथा पहले विकेट के लिए लगभग पांच रन प्रति ओवर की दर से 35 रन जोड़े। न्यूजीलैंड ने यंग और मार्क चैपमैन (00) के विकेट जल्दी-जल्दी गंवा दिए। निकोल्स के आउट होने से स्कोर तीन विकेट पर विकेट पर 52 रन हो गया। डैरिल मिचेल (28) और लैथम ने चौथे विकेट के लिए 42 रन की साझेदारी की। पांच मैचों की श्रृंखला का तीसरा मैच गुरुवार को गयाना में ही खेला जाएगा।

**जापान ओपनः सिंधू ने मलेशिया की चिंग को हराकर दूसरे दौर में बनाई जगह**

# सिंधू ने सीधे गेम में मारी बाजी, कोर्ट से हटी स्टार जोड़ी

एजेंसी ▶▶| टोकियो

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी के कंधे की समस्या के कारण उन्हें और चिराग शेट्टी को जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में मैच के बीच से हटना पड़ा जबकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। सात्विक और चिराग की विश्व में चौथे नंबर की जोड़ी ने सिंगापुर ओपन जीतकर दो साल से चले आ रहे खिताबी सूखे को खत्म किया था। इसके बाद उन्होंने इंडोनेशिया ओपन में भाग नहीं लिया था। जापान ओपन में उन्होंने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टरगार्ड से पहला गेम 19-21 से हारने के बाद हटने का फैसला किया।



### कपिला और तनीशा की दूसरे दौर में एंट्री

भारत के ध्रुव कपिला और तनीशा क्रास्टो ने भी अपने मिश्रित युगल मुकाबले में स्कॉटलैंड के एलेक्जेंडर डन और जूली मैकफर्सन को 21-16, 21-14 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। हालांकि रोहन कपूर और रुत्विका शिवानी गड्डे पहले ही दौर में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन के फेंग यान झे और हुआंग डोंग पिंग से 11-21, 10-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

### सिंधू ने बनाए रखा अपना दबदबा

विश्व रैंकिंग में नंबर 10 पर काबिज सिंधू ने अपने सहज खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में विश्व रैंकिंग में नंबर 37 पर काबिज वोंग को 21-14 21-11 से हराया। सिंधू ने शुरुआत से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा और रैलियों की गति को नियंत्रित करते हुए 7-4 की बढ़त हासिल कर ली। हालांकि वोंग ने संघर्ष जारी रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को लगातार आगे बढ़ने का मौका दिया। सिंधू ने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी रैलियों में सहज दिख रही थीं और उन्होंने अपने स्ट्रोक्स को प्रभावी ढंग से लगाकर अपनी बढ़त को 14-9 तक पहुंचा दिया। उनके बैकहैंड नेट ड्रिबल, ड्रॉप शॉट और हाफ-स्मैश सटीक रहे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28

## यूएन सुरक्षा परिषद 2028-29 की अस्थायी सदस्यता के लिए भारत का अभियान शुरू

# जयशंकर बोले- भरोसे और ईमानदारी से विकास सुनिश्चित करने का भारत पक्षधर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में 2028-29 के कार्यकाल के लिए अस्थायी सदस्यता के लिए भारत उम्मीदवारी जता रहा है। इसे लेकर समर्थन जुटाने भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर न्यूयॉर्क में हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत के अभियान की शुरुआत करते हुए अधिक प्रतिनिधित्व वाले, प्रभावी और भविष्य के अनुरूप वैश्विक व्यवस्था के लिए भारत का दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। उन्होंने दुनिया भर से आए राजनयिकों और प्रतिनिधियों को संबोधित किया। उन्होंने एक्स पर इसकी जानकारी देते हुए लिखा कि यहां मैंने 'शांति' यानी नियमों, भरोसे और ईमानदारी के ज़रिए सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने- पर आधारित भारत के नजरिए को रेखांकित किया। जयशंकर ने कहा कि भारत की प्राथमिकताओं में ग्लोबल साउथ की आवाज को मजबूत करना और अंतरराष्ट्रीय शांति व सुरक्षा पर उनकी चिंताओं को ध्यान में रखना।

*जयशंकर ने कहा कि भारत का नजरिया बातचीत, सहयोग और मतभेदों को दूर करने पर आधारित होगा। 'महिला, शांति और सुरक्षा' एजेंडा से प्रेरित होकर, हम हमेशा महिला शांति-रक्षकों की भूमिका का समर्थन करेंगे*

ग्लोबर साउथ की शांति और सुरक्षा पर ध्यान देगा भारत

समुद्री व्यापार का सुरक्षित और निर्बाध प्रवाह बनाए रखेगा



### स्लोवाकिया ने यूएनएससी में भारत की दावेदारी के लिए जताया समर्थन

स्लोवाकिया के विदेश और यूरोपीय मामलों के मंत्री जुराज ब्लानार ने न्यूयॉर्क में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने यूएनएससी में अस्थायी सदस्यता की भारत की उम्मीदवारी का समर्थन दोहराया।

### सुरक्षा और जनहित पर केंद्रित होगा एआई

जयशंकर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) समावेशिता, सुरक्षा और जनहित पर केंद्रित होगा।

### जयशंकर ने यूएन प्रमुख गुटेरेस से की मुलाकात



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस से मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने दुनिया की अहम घटनाओं पर चर्चा की, जिसमें पश्चिम एशिया, यूक्रेन और सूडान में चल रहे संघर्ष शामिल थे। जयशंकर ने कहा कि न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र के सेक्रेटरी जनरल एंटोनियो गुटेरेस से मिलकर खुशी हुई। वेस्ट एशिया, यूक्रेन और सूडान समेत दुनिया भर की घटनाओं पर चर्चा हुई। साथ ही, भारत और संयुक्त राष्ट्र के बीच सहयोग की मजबूती को भी सराहा गया।

## भारत-न्यूजीलैंड एफटीए साल के अंत तक लागू

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने भरोसा जताया है कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) इस साल के अंत तक लागू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच व्यापार को तेज गति देने के साथ ही अगले 1-2 साल में सीधी उड़ानों की शुरुआत का रास्ता भी तैयार करेगा। टॉड मैक्ले ने एफटीए को दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को नई ऊंचाई देने वाला पहला और सबसे अहम कदम बताया।




## बायजू रवींद्रन की 6 माह की सजा बरकरार

**नई दिल्ली।** सिंगापुर हाईकोर्ट ने संकटग्रस्त एजुकेशन टेक स्टार्टअप बायजू के संस्थापक बायजू रवींद्रन की वह याचिका खारिज कर दी है, जिसमें उन्होंने अपने खिलाफ सुनाई गई छह महीने की सजा को पलटने की मांग की थी। सजा के इस आदेश के कारण बायजू तभी सिंगापुर जा सकते हैं जब वे अदालत की ओर से सुनाई गई सजा पूरी करें। अदालत ने बीते 9 जुलाई को रवींद्रन की याचिका खारिज कर दी। रविंद्रन ने याचिका में सजा पर रोक लगाने की मांग की थी। बायजू रविंद्र के लॉ फर्म लजारेफ रे बार्स ने यह जानकारी दी है।



अमेरिका ने ईरान के सीमावर्ती इलाकों पर नए हमले किए

# माहशहर और अबादान को बनाया निशाना बंदरगाहों की फिर से शुरू की 'नाकेबंदी'

एजेंसी ▸▸ तेहरान/ वॉशिंगटन

अमेरिका ने इराक और कुवैत के पास ईरान के सीमावर्ती इलाकों पर नए हमले किए हैं। खुजेस्तान प्रांत के डिप्टी गवर्नर वलीओल्लाह हयाती ने बताया कि अबादान शहर (जहां पश्चिम एशिया की सबसे पुरानी तेल रिफाइनरी है) और बंदरगाह शहर माहशहर पर हमले किए गए। वहीं, अमेरिका की सेंट्रल कमांड ने बताया है कि कमांडर इन चीफ के निर्देश पर अमेरिकी सेंट्रल कमांड बल ने ईरानी बंदरगाहों पर समुद्री नाकेबंदी फिर से शुरू कर दी है। इन हमलों से बौखलाए ईरान ने यूएई, बहरीन और जॉर्डन में अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं।




ईरान के बंदर अब्बास पर अमेरिका हमला

### जॉर्डन पर हमले का ईरान ने किया दावा

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने दावा किया है कि उसने जॉर्डन में स्थित एक अमेरिकी एयरबेस को बैलिस्टिक मिसाइलों से निशाना बनाया जिसका इस्तेमाल ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के लिए किया जा रहा था। यह कार्रवाई 'अमेरिकी अपराधियों' को उनके कदमों की सजा देने के उद्देश्य से की गई।

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही ठप

होर्मुज में जहाजों की आवाजाही लगभग ठप पड़ी है। सोमवार को होर्मुज स्ट्रेट से सिर्फ 10 जहाज गुजरे, जो पिछले एक महीने का सबसे निचला स्तर है। समुद्री डेटा कंपनी केप्लर के मुताबिक, युद्ध शुरू होने से पहले इस मार्ग से रोजाना 130 से ज्यादा जहाज गुजरते थे। दुनिया के सबसे बड़े शिपिंग संगठन बिमको के मुख्य सुरक्षा अधिकारी जैकब लार्सन ने कहा कि मौजूदा हालात में जहाज मालिकों के लिए होर्मुज स्ट्रेट से गुजरना जोखिम भरा हो गया है।

### रूममेट ने सिल दिए महिला के होंठ, अरेस्ट

**टोक्यो।** जापान के इबाराकी में 49 साल की मसाए सकुराई पर आरोप है कि उसने रूमनेट के होंठ सुई धागे से सिल दिए। जब महिला जान बचाने के लिए किसी तरह रूम से निकलकर पास की दुकान तक पहुंची। दर्द से कराहती महिला ने आपबीती दुकानदार को लिखकर बताई।



### वांगचुक का अनशन 8 .5 किलो वजन घटा

**नई दिल्ली।** जंतर-मंतर पर सोनम वांगचुक की भूख हड़ताल 17वें दिन भी जारी रही। लगातार अनशन से उनकी सेहत बिगड़ती जा रही है। उनका वजन करीब 8 .5 किलो घट चुका है। वांगचुक 28 जून से नीट पेपर लीक और परीक्षा में कथित गड़बड़ियों के विरोध में केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। कॉकरोच जनता पार्टी ने सरकार से उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार करने की मांग की है।




# Ex-showroom price of TVS XL100 Heavy Duty Kick Start variant in Haryana. * This exchange scheme is valid across India till 31st March, 2027 and is available exclusively through authorised TVS main dealers (AMDs) and authorised TVS dealers (ADs). ^ Colours available in TVS XL100 Heavy Duty Alloy variant. + Based on internal test conditions. As compared to BS-IV models. T&C apply.

FOR ALL INSTITUTIONAL/BULK REQUIREMENTS PLEASE MAIL corporate.customersupport@tvsmotor.com अधिकृत डीलर: रोहतक : एस.के. जैन टीवीएस, फो: 9215551228. मानसरोवर पार्क (रोहतक): फो: 9215536902. भिवानी चुंगी (रोहतक): तुलसी लोक टीवीएस, भिवानी रोड़, फो: 9215650603, 9215650614. जीन्द: पँवार टीवीएस, फो: 8929592506. नरवाना: लाज टीवीएस, पटियाला रोड़, फो: 9034404321, 9306668701. गोहाना: गोहाना टीवीएस, फो: 8929163001. बहादुरगढ़ : आर जी जे पी टीवीएस, फो: 8929592575. करनाल: ग्रीन टीवीएस, ओल्ड जी.टी. रोड, फो: 9812029009, 9416127919. करनाल: कृष्णा टीवीएस, नई अनाज मंडी गेट, जी.टी. रोड़, फो: 8607777735. सो-हम टीवीएस, सुभाष कॉलोनी, तहसील कैम्प मोड़, जी.टी. रोड़, फो: 8607586075, 7027001155. सिंगला टीवीएस गोहाना रोड पानीपत फो: 7082996680. रेवाड़ी: जी वाई एस टीवीएस, फो: 7988388081, 9991131900. नारनौल: रोहित टीवीएस, निजामपुर रोड़, फो: 9416248898. सोनीपत: सनराइज़ टीवीएस, फो: 8569970007. हिसार: गर्ग टीवीएस, फो: 7027418101, 02, 03, 04, 05. श्री बालाजी टीवीएस, फो: 8168821611, 8168633056. सिरसा: एन.एम.पी. टीवीएस, एलीना सिटी मॉल, फो: 8685000988, 8685000711. फतेहाबाद: शक्ति टीवीएस, फो: 9215610688. टोहाना: गुरुकृपा ऑटो, फो: 8929592539. भिवानी: आर्य टीवीएस, फो: 9416058748. अन्य केन्द्र: साँवरिया टीवीएस, विद्युत नगर, इण्डस्ट्रियल एरिया, दिल्ली रोड़, फो: 8295784123. महम: विद्या मोटर्स, फो: 9992111677, 8059380156. झज्जर: क्रिस्टल ऑटो, फो: 8396930251, 8396930253. झज्जर: तुलसी लोक टीवीएस, फो: 9215650635, 9215650646. कलानौर: कान्हा टीवीएस, फो: 7206645000. छुछकवास: श्री बालाजी टीवीएस, फो: 9306792793, 8059212212. बेरी: ओशो टीवीएस, फो: 7404785257. बादली: साईन टीवीएस, फो: 9992452420, 9812471246. जुलाना: शिव ऑटो: फो: 9416603435, 7876148802. पिल्लूखेड़ा: जगदम्बा ऑटोमोबाइल, फो: 9896101624. सफीदों: श्री सत्यम मोटर्स, फो: 9466963443. उचाना: उचाना टीवीएस, फो: 9996804471. घरौंडा : राणा मोटर, फो: 9215725944, 9896425944. इन्द्री : कालरा ऑटो स्टोर, फो: 9896010726. निसिंग: ब्रदर्स टीवीएस फो: 9896725383. समालखा: राठी मोटर्स, फो: 9215870004. इसराना: त्रिपुंड टीवीएस, फो: 9991989985. मडलौड़ा: अनिल टीवीएस, फो: 9671258922. बावल: दवेन्द्र टीवीएस, फो: 9416092926, 9467090045. धारूहेड़ा: कृष्णा ऑटोमोबाइल्स, फो: 9728393334, 9992453435. कोसली: रेट्रो टीवीएस, फो: 9312593949. पालावास: रेट्रो टीवीएस, फो: 9312593949. खरखौदा: योगेश ऑटो, फो: 8053673420. मुरथल: मंगल टीवीएस, फो: 9467285556, कुण्ड़ली: श्री बालाजी टीवीएस, फो: 9996580850. बरोटा: चरण टीवीएस, फो: 7495003400. बहालगढ़: धारवी टीवीएस, फो: 9996613672. कनीना: नवोदित टीवीएस, फो: 9416133777. अटेली मंडी: वर्मा टीवीएस, फो: 9466925285. महेन्द्रगढ़: वी.एस. टीवीएस, फो: 9355088850. सिवानी: शिवा टीवीएस, फो: 9991076172. हांसी: सुभाष टीवीएस, फो: 9729177117. बरवाला: श्री गुरु नानक टीवीएस, फो: 7496024124. आदमपुर: जय ऑटोमोबाइल्स, 8059920006. आज़ाद नगर (हिसार): सलासार टीवीएस, फो: 7015782507, 9729037819. नारनौंद: वाईटर टीवीएस, फो: 9034099799. चरखी दादरी: बालाजी ऑटो, फो: 9466235445. बवानी खेडा: जैन टीवीएस, फो:9017230856. बाढड़ा (सतनाली रोड): जतिन मोटर, फो: 9728521040, 9813453667. ढिगावा जाटन: देव टीवीएस, फो: 8397007809. झोझू कलां: राधे टीवीएस, फो:7027722277. सांपला रुद्रा टीवीएस, फो:8607614400. डीग मोड़: एनएमपी टीवीएस, फो:8685000913. मंडी डबवाली: एनएमपी टीवीएस, फो:8685000911. एलेनाबाद: बंसल टीवीएस, फो:9992635024, 022. तोशाम: जगदम्बा टीवीएस, फो:7404388008. डीघल: प्रधान ग्रुप टीवीएस, फो:8607466333. रतिया: शिव शक्ति टीवीएस, फो:9996540048. अग्रोहा: विनायक टीवीएस, फो: 9996012795. भट्टू: श्री श्याम टीवीएस, फो: 9854040540. कलांवाली: लोक्श टीवीएस, फो: 9215004949. बहू झोलरी: पूर्वांश टीवीएस, फो: 9888687351. कुंड: रेवाड़ी वर्मा टीवीएस, फो: 8930689602.

dentsu/hb roh/05/26